दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



संजय कांग्रेस छोड़ शिवसेना में हुए शामिल 5




मुंबई प्ले आफ रेस से बाहर 6

## भाजपा और झारखंड का दिल का रिश्ता है : मोदी

### पलामू में पीएम मोदी ने कांग्रेस-झामुमो को घेरा, दोनों पर लगाया जनता की जायदाद हड़पने की कोशिश का आरोप

**पलामू।** तीसरे चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में लोकसभा चुनाव प्रचार करने पहुंचे। झारखंड के पलामू में प्रचार के दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि भाजपा और झारखंड का दिल का रिश्ता है। उन्होंने कांग्रेस और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जनता की जायदाद को हड़पने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह राज्य में रोजगार को बढ़ाना चाहते हैं।

पलामू में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वोट के महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि 500 साल में जो नहीं हुआ, जनता के एक वोट से वो कार्य पूरा हुआ। आज आयोध्या में राम मंदिर



बन गया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी थी। आपने 2014 में अपने एक वोट से कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। आपके एक वोट ने भाजपा-एनडीए की सरकार बनाई। पीएम मोदी ने आगे कहा, आपके इस एक वोट की ताकत से आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। 500 साल से हमारी कितनी ही पीढ़ियां संघर्ष करती रही, इंतजार करती रही, लाखों लोग शहीद हुए, 500 साल लंबा संघर्ष चला। शायद इतिहास में इतना लंबा संघर्ष कहीं नहीं हुआ, जो अयोध्या में हुआ।

पीएम मोदी ने कहा, आपके एक वोट की ताकत से जम्मू कश्मीर में धारा 370 की दीवार को जमीन में गाड़ दिया गया। हमारे झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश में, पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सलवाद, आतंकवाद फैला कर यहां की धरती को लहूलुहान कर देता था। आपके एक वोट ने कितनी ही माताओं की आस पूरी की और इस धरती को नक्सलवादी आतंकवाद से मुक्ति दिला दी।

रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने बताया कि एक वो स्थिति थी, जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया भर में जाकर रोती थी। आज स्थिति ये है कि पाकिस्तान दुनिया भर में जाकर रो रहा है। राहुल गांधी को घेरते हुए उन्होंने कहा कि आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस के शहजादे को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है। पूरा हिंदुस्तान कह रहा है

राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। ये निराश-हताश लोग अब कुंठित हो गए हैं। एक कहावत है - जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई! कांग्रेस के शहजादे की हालत वही है। पीएम मोदी ने बताया कि जनता की सेवा करते हुए 25 साल होने वाला है, लेकिन इस 25 वर्षों में मोदी पर एक पैसे के घोटाले का भी आरोप नहीं लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी की है।

### भिंड में सीएम डॉ. मोहन यादव बोले

## कांग्रेस के लोग रोज दिन गिन रहे हैं, इस महीने आ गए, अगले महीने नहीं आएंगे

**भिंड।** भिंड लोकसभा की गोहद विधानसभा में आयोजित चुनावी सभा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित किया। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि गोहद की धरती से भगवान श्री कृष्ण का संबंध है। भगवान आते थे तो वह अकेले नहीं आते थे, वह 33 करोड़ देवी-देवताओं के साक्षात स्वरूपा गौ माता को लेकर आते थे। मुझे गोहद आकर आनंद आया है। परमात्मा, सनातन संस्कृति और अपना धर्म यही कहता है कि पापी के पाप माफ करने से पाप का वजन आपके माथे पर आ जाता है। आप उससे बचते नहीं है। अभी आपने थोड़े दिन पहले सरकार बनवाई है। लगभग 100 दिन तक सरकार चली और सरकार चलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया कि आप सभी एक बार फिर केंद्र में भाजपा की सरकार बनाएं।




सीएम मोहन ने कहा, आज के दिन का तो और महत्व बढ़ गया है। बहनों तुम चिंता मत करो। लाड़ली लक्ष्मी से लेकर, लाड़ली बहना तक सभी योजनाएं बनाईं तो भाजपा की सरकार ने बनाई। आज आपके खाते में पैसे भी आ रहे हैं। हमने कहा था कि हर महीने पैसे आएंगे तो कांग्रेस वाले दिन गिनते रहते हैं, क्योंकि उनका दिल तो था नहीं भी वो इतने कंजूस हैं। अगर उनका बस चले तो रक्षाबंधन के दिन भी वो बहन को बिना कुछ दिए केवल हाथ जोड़कर काम चला लें। लंबे समय तक कांग्रेस की सरकार रही, ये बहनें तब उनको नहीं दिखी। हमने अपनी बहन संध्या को सांसद बनाकर आपके बीच में दिया। ये बहन बेटी का सम्मान करने की भाजपा की सरकार की भावना है। सीएम ने कहा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष परसों एक दलित महिला, बहन इमरती का, तीन बार की मंत्री और कई बार की विधायक का अपमान किया।

## पूर्व पीएम देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना एसआईटी हिरासत में

**बेंगलुरु।** पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के बेटे और कर्नाटक सरकार के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने हिरासत में ले लिया है। यह एक्शन किडनैपिंग केस में लिया गया है। रेवन्ना ने गिरफ्तारी से अग्रित जमानत के लिए अपील की थी, जो खारिज हो गई। इसके बाद एसआईटी ने उन्हें एक दिन के लिए कस्टडी में ले लिया है। बेटे प्रज्वल रेवन्ना के साथ एचडी रेवन्ना भी कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में आरोपी हैं। दोनों को शनिवार को दूसरा लुकआउट नोटिस भेजा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को जब एसआईटी जांच के लिए रेवन्ना के घर पहुंची तो, रेवन्ना समर्थकों ने टीम के साथ हाथापाई की। एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल के खिलाफ ब्लूकॉर्नर नोटिस भेजने की तैयारी हो गई है। केस की जांच कर रही एसआईटी ने मीटिंग के दौरान कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया को यह जानकारी दी।

प्रज्वल हासन से जेडीएस के सांसद और लोकसभा कैंडिडेट हैं। हासन में 26 अप्रैल को सेकेंड फेज में वोटिंग हुई थी। इसके बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए। आरोपों के बाद प्रज्वल को 30 अप्रैल को जनता दल एस से सस्पेंड कर दिया गया। प्रज्वल पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। 28 अप्रैल को प्रज्वल के खिलाफ उनकी पुरानी हाउसमेड ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। इसके बाद प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा वीडियो सामने आए। दावा किया गया है कि महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगा रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं।

ब्लूकॉर्नर नोटिस इंटरनेशनल पुलिस कॉरपोरेशन बॉडी जारी करती है। इसके जरिए एसआईटी को प्रज्वल की लोकशन और गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी मिल जाएगी।

## दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लवली बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने आप से गठबंधन को लेकर 6 दिन पहले यानी 28 अप्रैल को दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ा था। उन्होंने तब कहा था कि पार्टी नहीं छोड़ूंगा। लवली के साथ नीरज बसोया, राजकुमार चौहान, नसीब सिंह और अमित मलिक भी भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने के बाद लवली ने कहा, हमें भाजपा के बैनर तले और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लड़ने का मौका दिया गया है।

## सुवेंदु अधिकारी ने संदेशखाली साजिश रची : टीएमसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले में तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। टीएमसी ने शनिवार 4 मई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि लोकसभा चुनाव से पहले राज्य को बदनाम करने के लिए भाजपा ने पूरी साजिश रची थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, ये वीडियो भाजपा मंडल (बूथ) अध्यक्ष गंगाधर कायल के एक स्टिंग वीडियो का है। इसमें दावा किया गया है कि भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने



शाहजहां शेख सहित उनके 3 नेताओं पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगवाए। स्टिंग वीडियो में भाजपा नेता ने कहा- सुवेंदु ने भाजपा नेताओं से स्थानीय महिलाओं को उकसाने के लिए कहा था। सुवेंदु ने कहा था कि टीएमसी के मजबूत नेताओं को तब तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, जब तक कि उन्हें बलात्कार के झूठे आरोप में नहीं फंसाया जाएगा। जिन महिलाओं के साथ बलात्कार नहीं हुआ, उन्हें पीड़ित के रूप में पेश किया गया। सुवेंदु ने संदेशखाली में एक घर में खुद बंदूकें रखी थीं, जिसे बाद में सीबीआई ने जब्ती के रूप में दिखाया। वीडियो को लेकर विवाद बढ़ने के बाद गंगाधर कायल ने अपनी सफाई दी। उन्होंने सीबीआई डायरेक्टर को लेटर लिखकर कहा कि कथित स्टिंग वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया गया है।

## पुरी से कांग्रेस कैंडिडेट सुचरिता मोहंती ने टिकट लौटाया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने अपना टिकट लौटाते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल को लिखी चिट्ठी है। इसमें सुचरिता ने चुनाव लड़ने के लिए फंड नहीं मिलने की बात कही है। सुचरिता ने चिट्ठी में लिखा- मैं एक पेशेवर पत्रकार थी, जिसने 10 साल पहले राजनीति में प्रवेश किया था। मैंने पुरी में अपने कैंपेन में अपना सब कुछ झोंक दिया। मैंने पब्लिक डोनेशन की भी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुई।

## कश्मीर में आतंकी हमला, 5 जवान जख्मी, 2 की हालत गंभीर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार 4 मई को आतंकी हमले में 5 जवान घायल हो गए। इनमें से 2 की हालत गंभीर है। इन्हें अस्पताल ले जाया गया है। पुंछ के शशिधर इलाके में सुरक्षाबलों दो वाहनों पर आतंकियों ने भारी फायरिंग की। एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। सेना के सूत्रों के मुताबिक, अभी तक किसी नुकसान और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही आर्मी और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंचीं। इलाके को घेर लिया गया है और सर्च ऑपरेशन जारी है। सुरनकोट में 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। वारदात को 4 आतंकियों ने अंजाम दिया था। आतंकियों ने अमेरिकी एम-4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल से स्टील बुलेट फायर की थीं। ये स्टील बुलेट सेना के वाहनों की मोटी लोहे की चादर को पार करते हुए जवानों को लगीं। पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकियों ने सोशल मीडिया पर हमले वाली जगह की तस्वीरें भी जारी कीं, जिसमें एम-4 राइफल के इस्तेमाल का दावा किया गया।

## प्रार्थना कर रहे उम्मीदवार...राम जी करो बेड़ा पार, रामनगरी में बढ़ी प्रत्याशियों की हाजिरी

**अयोध्या।** धर्म के साथ-साथ सियासत के भी केंद्र में रहने वाली अयोध्या फिर से उसी भूमिका में है। समय बदला, परिस्थितियां बदलीं और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या का भूगोल भी बदल गया, लेकिन अयोध्या आज भी सियासत के केंद्र में हैं। इसी के चलते हिंदुत्व की धारा में डुबकी लगाकर सियासी वैतरणी पार करने की चाह रखने वाले प्रत्याशी अयोध्या आकर विजय की कामना से रामलला व हनुमंतला के दरबार में माथा टेक रहे हैं। लोकसभा चुनाव की बेला में उम्मीदवारों में रामलला के प्रति आस्था एक बार फिर जगी है। चौथे चरण का चुनाव 13 मई व पांचवें



चरण का चुनाव 20 मई को होना है, उससे पहले प्रत्याशी अयोध्या पहुंच रहें हैं और रामलला के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं। अमेठी से उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी नामांकन से पहले रामलला व हनुमंतलला के दर्शन किए थे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने विगत 23 मार्च को परिवार के साथ रामलला के दर्शन किए। दर्शन के बाद 28 मार्च को उन्होंने पर्चा दाखिल किया था।

दिल्ली के चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने 29 मार्च को रामलला व हनुमानगढ़ी में माथा टेका और रामजी से जीत की प्रार्थना की। बीते मंगलवार को आजमगढ़ से प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ ने भी नामांकन से पहले रामलला का आशीर्वाद लिया था। कैसरगंज से प्रत्याशी करण भूषण सिंह को बृहस्पतिवार को प्रत्याशी बनाया गया। इसी दिन उन्होंने अपने समर्थकों के साथ अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी व रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई व संतों से जीत का आशीर्वाद लिया। फैजाबाद लोकसभा सीट के प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह ने भी नामांकन के एक दिन पहले रामलला व हनुमान जी के दरबार में पूजा-अर्चना कर रामनगरी के मठ-मंदिरों में जाकर संतों से आशीर्वाद लिया था।

## राजस्थान-मध्यप्रदेश समेत 17 राज्यों में 2 दिन बाद बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी और हीटवेव का सामना कर रहे शहरों को अगले 8 दिन राहत मिलने जा रही है। 4 मई से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। इसके चलते पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होगी, जबकि मैदानी इलाकों में मौसम बदलेगा और बारिश होगी।

फिलहाल उत्तर भारत के अलावा दक्षिण भारत में आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक में हीटवेव (लू) से पारा 45 का आंकड़ा भी पार कर गया है। 3 मई को देश में सबसे ज्यादा तापमान आंध्रप्रदेश के नांदयाल का रहा, जहां 46.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद तेलंगाना के खम्मम, बंगाल के कलाईकुंडा, ओडिशा के बौद्ध और तमिलनाडु के इरोड में पारा 42 डिग्री से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड हुआ।

इधर, इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशियन इन्फॉर्मेशन सर्विस ने शनिवार (4 मई) से अगले 36 घंटों के लिए मुंबई और आसपास के तटीय इलाकों में हाई टाइड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान समंदर में 5 फुट तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। एक दिन पहले केरल और तमिलनाडु में भी हाई टाइड का अलर्ट जारी किया गया।

### झरोखा




## सिंधिया के समर्थन में गरजे सीएम योगी, कहा- कांग्रेस का विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। प्रचार के आखिरी दिनों में भाजपा जोर-शोर से जुटी हुई है। आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अशोकनगर जिले के दौरे पर हैं। वे गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में सभा को संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जब मैं अशोक नगर के इस मंच से बोल रहा हूं मुझे ठीक सामने रामलला का मंच भी दिखाई दे रहा है। राम लला का यह मंच हम सबको प्रभु श्रीराम की लीलाओं से तो जोड़ता ही है, लेकिन हम सबको संत तुलसीदास जी के साथ भी जोड़ता है। जिन्होंने मुगलों के शासनकाल में देश की आजादी के लिए रामलीलाओं की परंपराओं को आगे बढ़ाया था। सीएम योगी ने कहा कि उस समय कुछ लोगों ने तुलसीदास जी से कहा था कि आप भी अकबर से मिल लो, वे आपको अपने नवरत्नों में शामिल करेंगे। तब तुलसीदास जी ने कहा था में अकबर को नहीं जानता, मैं किसी राजा को नहीं जानता, मेरा तो एक ही राजा है और वो हैं राम। उस दौर में तुलसीदास जी ने राजा रामचंद्र की जय... का नारा दिया था।

सीएम योगी ने कहा कि 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला मंदिर में विराजमान हुए हैं। राम जन्मभूमि आंदोलन के इतिहास का संघर्ष बहुत पुराना है। राम लला के मंदिर को बनाने के लिए राजमाता पूरे समय अयोध्या आंदोलन से जुड़ी रहीं। देश, समाज और जनता के लिए राजमाता के मन में बहुत वात्सल्य था। वो सचमुच राजमाता थीं।

## मैं अंतिम सांस तक जनता की सेवा करता रहूंगा : शिवराज

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा समेत प्रदेशभर में लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। शनिवार को पूर्व सीएम ने राजगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में सेमलापुरा जोड़ और कुंभराज में सभाएं की और सागर से भाजपा की उम्मीदवार लता वानखेड़े के समर्थन में शमशाबाद और कुरवाई में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। साथ ही श्री चौहान ने अपने लोकसभा क्षेत्र विदिशा में भी रोड-शो कर जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि, दिलों के रिश्ते पदों से बंधे नहीं रहते हैं। जब तक जिउंगा तब तक जनता के कल्याण के लिए



काम करता रहूंगा। मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ़ में दिग्विजय सिंह का नाम लिए बिना ही उन पर निशाना साधते हुए कहा कि, यहां से जो लड़ रहे हैं, उन्होंने तो आतंकवादियों का महिमामंडन किया। हमारे सैनिकों, वीर जवानों ने भारत माता की रक्षा के लिए जिन आतंकवादियों को मारा उस पर ही सवाल उठा दिए। अब ऐसे व्यक्ति क्या संसद में बैठने लायक हैं..? अभी प्रियंका गांधी जी सड़कों की बात कर रहीं थी। जब मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे तो पता ही नहीं चलता था कि, सड़कों में गड्ढें हैं या गड्ढों में सड़क। पूरे प्रदेश का बंटाधार कर दिया था। उसे सुधारने में मुझे कई बरस लग गए। उन्होंने कहा कि, जिन्होंने मुख्यमंत्री रहते कुछ काम नहीं किया वो सांसद बनकर क्या काम करेंगे। वो कहते हैं न पूत के पाँव, पालने में दिखाई देते हैं, हमने तो पहले ही देख लिया है।

पूर्व सीएम ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री तो तय हैं श्रीमान नरेंद्र मोदी जी लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन बताएं कि, उनका प्रधानमंत्री कौन है। धन्नू है कि, पन्ना है कि, जुम्मन है कोई नाम तो बताएं। इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि, बाद में तय करेंगे। कभी कहते हैं कि, बारी-बारी से एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री बनाएंगे।

# समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सीएसआर मद का मिले लाभ

## सीएसआर मद से पिछड़े क्षेत्र में उपलंब्ध कराये मूलभूत सुविधाएः कलेक्टर



**सिंगरौली।** समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सीएसआर मद से लाभ पहुचकर उसके जीवन स्तर एवं संबंधित क्षेत्र का विकास किया जाये। साथ ही ऐसे क्षेत्र जो अभी भी विकास कार्यो से वंचित उनमें मूलभूत सुविधाएं सीएसआर मद से प्रदान कराना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए साथ ही जिलाधिकारी के साथ साथ औद्योगिक कम्पनियो के अधिकरियो की भी ऐसे गरीब बंचित परिवारो को प्राथमिकता से लाभ प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की मानसिकता सदैव रखनी चाहिए उक्त आशय का वक्तव्य कलेक्ट्रेट सभागार में सीएसआर की बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया।

विदित हो कि कलेक्टर श्री शुक्ला के अध्यक्षता तथा जिलाधिकारियो सहित एनसीएल, एनटीपीसी सहित जिले में स्थापित औद्योगिक कम्पनियो के अधिकारियो एवं प्रतिनिधियो के साथ सीएसआर की बैठक आयोजित हुई। उपस्थिति अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कलेक्टर ने कहा कि सीएसआर का ऐसा प्रोजेक्ट हो कि उसी वर्ष में कार्य कर पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि अभी सिंगरौली जिले के कई ऐसे मझरे टोले एवं अन्य स्थान है जहा विद्युत व्यवस्था नही हो पाई है साथ ही ऐसे मोहल्लो को भी शहर के मुख्यधारा से नही जोड़ा जा सका है वहा पर सड़को का आभाव है पेयजल की समस्या है साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं शिक्षा आदि पर भी हम सब को मिलकर सीएसआर मद से ऐसे विंदुओ पर प्राथमिकता के साथ कार्य करना है। ताकि सिंगरौली जिले को सीएसआर मद का वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में एवं बच्चो में प्रतिभा लाने हेतु साथ ही कुपोषण को दूर करने के लिए भी सीएसआर के मद से प्रोजेक्ट तैयार करे। कलेक्टर ने कहा कि आज भी सिंगरौली जिले मे निवासरत बैगा समुदाय के लोग जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित है उनका अभी भी आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जनधन खाता सहित समंग्र आईडी राशन कार्ड नही बन पाया है जिसके कारण योजनाओं के लाभ से वचित है जो अत्यन्त ही गहन विषय है इनके उत्थान के लिए सभी को कार्य करना होगा। कलेक्टर ने बैठक के दौरान वित्तिय वर्ष 2021-22-23 एवं 2023-24 में स्वीकृत कार्यो के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि अभी कई कार्य अधूरे है उन्हे पूर्ण किया जाये ऐसा स्टीमेट तैयार हो कि वह हर हाल में उसी वर्ष पूर्ण हो सके। साथ ही वित्तिय वर्ष 24-25 हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये जिसमें विकास के बड़े कार्य सम्मलित किये जाये। उपस्थित कम्पनियो को इस आशय के निर्देश दिये गये सीएसआर के कोई भी कार्य बिना जिला प्रशासन के स्वीकृती पश्चात ही किया जाये। उन्होंने शहरी क्षेत्र में पशुओ को पेयजल उपलंब्ध कराने हेतु नगर निगम को छोटे वाटर टैंक कुछ स्थलो पर बनाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। ताकि पशुओ को भी इस भीषण गर्मी में पेयजल प्राप्त हो सके। वही विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि पूर्व में स्वीकृत किये विद्युत विहीन मझरे टोले में विद्युत की व्यवस्था साथ ही ऐसे विद्यालय या आगनवाड़ी भवन जहा विद्युत कनेक्शन नही वहा भी विद्युत व्यवस्था उपलंब्ध कराई जाये। साथ ही आदर्श आगनवाड़ी केन्द्र बनाये जाने हेतु महिला विकास को कार्य योजना तैयार कराये जाने का निर्देश दिये। कलेक्टर ने उपरोक्त विंदुओ के साथ साथ उपस्थित अधिकारियो को एवं कम्पनी के अधिकरियो को इस आशय के निर्देश दिये कि जिले से कुपोषण एवं प्रदूषण से मुक्त करने हेतु आगे बड़कर सभी को कार्य करना होगा ऐसा प्लान तैयार किया जाये। साथ ही जिले की खेल प्रतिभा को उच्चस्तर पर लाने हेतु सर्वसुविधायुक्त एक बड़े स्टेडियम का निर्माण किये जाने हेतु एनसीएल के अधिकारियो को निर्देश दिये गये। साथ ही इसकी कार्ययोजना तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि अब प्रतिमाह में सीएसाअर की एक बैठक अनिवार्य रूप से की जायेगी। वही उपस्थित कम्पनियो को यह भी निर्देश दिया गयाकि विस्थापित कम्पनियो के पुनर्वस हेतु समुचित व्यवस्था उपलंब्ध करया जाये। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, नगर निगम के आयुक्त डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुराग मोदी, उपसंचालक कृषि आशीष पाण्डेय, महिला बाल विकास अधिकारी राजेश गुप्ता, सीएमएचओ एन.के जैन सहित जिलाधिकारी एवं एनसीएल, एनटीपीसी औद्योगिक कम्पनियो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चल रहे निर्माण कार्यो को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये: कलेक्टर

## मनरेगा के कार्यो के धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



**सिंगरौली।** जिले में चल रहे निर्माण कार्य समय सीमा एवं गुणवत्ता के साथ किया जाना सुनिश्चित करे। वही आरईएस एवं मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने निर्देश दिये कि कार्यो में प्रगति लाई जाये तथा समय पर निर्माण कार्य पूर्ण किया जाये।

विदित हो कि कलेक्टर श्री शुक्ला के अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू एवं आरईएस विभागो के द्वारा जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।कलेक्टर के द्वारा सर्व प्रथम लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की विंदुवार प्रगति की समीक्षा करते हुये संबंधित विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि हवाई पट्टी के निर्माण के जो कार्य अभी तक अधूरे उन्हे शीघ्र पूर्ण करे साथ ही अन्य निर्माण कार्य जो अब तक पूर्ण नही है उन्हे भी समय पर पूर्ण करे। वही पीआईयू विभाग के द्वारा निर्माण किये जाये आईटीआई भवन छात्रावास सहित अन्य भवन निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गई। तथा निर्देश दिये गये कि सीएम राईज विद्यालयों के चल रहे निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करे। कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यो के प्रगति के प्रति संतोष जाहिर किया गया। उन्होने संबंधित विभागो के कार्यपालन यंत्रियो को निर्देश दिये गये शेष निर्माण कार्यो को समय पर पूर्ण करे। वही आरईएस तथा मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी जनपदवार लेने के पश्चात निर्देश दिये कि सभी जनपदो में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति कम होने पर संबंधित विभाग के सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियो को निर्देश दिये कि कार्य में प्रगति लाए अन्यथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही इस आशय के भी निर्देश दिये गये कि चितरंगी बस स्टैड निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करे तथा चल रहे निर्माण कार्यो में मजदूरो के माध्यम से कराया जाये ऐसी क्षेत्र जहा कठोर भूमि हो ऐसे स्थलो में ही मशीनो का उपयोग करे। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में कार्यो के प्रगति की जानकारी से अवगत कराये। साथ ही जिन कार्यो का टेंडर हों चुका है तथा वर्कआर्डर जारी कर दिया गया उन कार्यो को भी समय पर प्रारंभ कराये। बैठक के दौरान संबंधित विभागो के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

# एनसीएल का मानव संसाधन विभाग कर्मियों के हुनर को दे रहा धार




**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) का सिंगरौली स्थित केन्द्रीय उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान कर्मियों के बौद्धिक विकास एवं कौशल के लिए लगातार विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है और कर्मियों के हुनर को धार दे रहा है इसी क्रम में एनसीएल ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के तत्वाधान में एनसीएल अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और श्रमिकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। 23 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सीईटीआई परिसर, सिंगरौली में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी प्रतिभागियों ने टीम बिल्डिंग, संचार कौशल, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का विकास, व्यवहारिक ज्ञान, कार्यस्थल पर सुरक्षा, हाउस कीपिंग, और उत्पादकता सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञान अर्जन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को नेशनल बोर्ड फॉर वर्कर्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट, जबलपुर से प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुधा वी अत्राम और उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 36 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । गौरतलब है कि राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्था है।

# पुलिस अधीक्षक ने की अपराध समीक्षा बैठक



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता गुप्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रूस्मतजी कॉफ्रेसिंग हाल में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिव कुमार वर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक, जिला सिंगरौली, कृष्ण कुमार पाण्डेय, एस.डी.ओ.पी. सिंगरौली, राहुल सैयाम, एस.डी.ओ.पी. देवसर, अरुण कुमार सोनी, महिला सुरक्षा शाखा. सिंगरौली एवं जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारीगण उपस्थित हुए।

बैठक के दौरान न्यायालयों में विचाराधीन चिन्हित एवं जघन्य सनसनीखेज अपराधों में नोडल अधिकारी आवश्यक रुप से पेशी दिनॉक को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया। जिले में पीओएस मशीन के माध्यम से की गई चालानी कार्यवाही की समीक्षा करने पर अधिकांश थानों में कम चालानी कार्यवाही पाई गई। जिस संबंध में सभी थाना प्रभारी को पीओएस मशीन के माध्यम से प्रतिदिन चालानी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थानों में ई-विवेचना हेतु प्रदाय किये गए टेबलेट में भी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं को दुष्टिगत रखते हुए सभी थाना प्रभारियों से अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत हॉट स्पाट को चिन्हित एवं निरीक्षण कर एक सप्ताह के अंदर विस्तृत जानकारी भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। वाहन दुर्घटना घटित होने पर पोर्टल में डेटा तत्काल मौके पर जाकर फीड करने के निर्देश दिये गए। पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के समंस वारंट शत प्रतिशत तामील कराना सुनिश्चित करें। पुलिस साक्षियों के समंस/वारंट अदम तामील होने पर संबंधित थाना प्रभारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। थानों में लंबित खात्मा एवं खारिजी को शीघ्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण कराने जाने हेतु निर्देशित किया गया। एस.सी./एस.टी. एक्ट के जिन प्रकरणों में राहत राशि प्रदाय नहीं की गई है एवं जाति प्रमाण पत्र प्राप्त न होने के कारण अपराधों को लंबित दर्शाया गया है। उन लंबित प्रकरणों में संबंधित नपुअ/एसडीओपी को समीक्षा कर प्रतिवेदन भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया है। थानों में लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। दूरस्थ थानों से बड़ी संख्या में आमजन जिला मुख्यालय में वरिष्ट अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर शिकायत करते हैं। अतएव जिन शिकायतों में संज्ञेय अपराध का घटित होना पाया जाता है, तो उनमें तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करें।

# 11 किलो गांजे के साथ एक युवक गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

**सिंगरौली।** शुक्रवार की रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस के संयुक्त अभियान में छापा मारकर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। जहां तलाशी में आरोपी के पास से 11 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पकड़ा गया युवक झारखंड के धनबाद का रहने वाला है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रात में कोतवाली पुलिस शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ग्रस्त कर रही थी इस दौरान थाना प्रभारी सुधेश तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि बीजपुर की तरफ से आया एक युवक गनियारी कचरा फैक्ट्री के पास गांजे की डिलीवरी के लिए खड़ा है। थाना प्रभारी ने तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए एक टीम गठित कर आरोपी के धर पकड़ के लिए घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। जहां उसके पास एक बैग में 11 किलो गांजा मिला। आरोपी की पहचान नियाज अहमद पिता मोहम्मद नसीरुद्दीन उम्र 36 वर्ष निवासी तोपचांची थाना तोपचांची जिला धनबाद के रूप में हुई। पकड़े गया आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस का केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में एएसआई विनय अग्निहोत्री, संजीत सिंह अमित द्विवेदी, प्रधान आरक्षक जितेंदर सेंगर, अभिमन्यु उपाध्याय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ड्रेनज ग्रील में फंसी गौमाता को निकाले दल बल के साथ पहुंचे नगर निगम आयुक्त

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा जहा नगरीय क्षेत्र के विभिन्न अतिक्रमणो को हटाकर शहर को साफ एवं सुन्दर बनाने की कायावाद की जा रही है। वही आज निगमायुक्त को जानकारी मिली कि कलेक्ट्रेट के पास ड्रेनेज ग्रील में एक गाय फस गई है। तथा बाहर नही निकल पा रही है उन्होंने तत्काल स्वच्छता दल बल के साथ अपने स्वयं उक्त स्थल पर पहुचकर गाय को सकुशल बाहर निकलवाया गया। आयुक्त के इस कार्य के लिए शहरवासियो ने सराहना किया वही निगमायुक्त ने आम जनो से इस आशय की अपील किया कि अपने पशुओ आवारा न छोड़े इनसे होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने में निगम का सहयोग करे।

# सतर्कता विभाग की विशेष पहल के तहत एनसीएल में गठित हुए औचक निरीक्षण दल



**सिंगरौली।** कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), एनसीएल रविन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का सतर्कता विभाग सूचिता और निवारक सतर्कता की दिशा में विशेष व प्रभावी कदम उठा रहा है।इसी कड़ी में शुक्रवार को पारदर्शिता और प्रणाली सुधार के आलोक में सतर्कता विभाग द्वारा गठित टीमों ने दूधिचुआ व झिंगुरदा परियोजना का औचक निरीक्षण किया। इन निरीक्षण दलों में सर्वेक्षण, खनन, ई एंड टी, भूविज्ञान और सीएमपीडीआईएल आरआई- के सर्वेक्षक जैसे विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ रखे गए हैं। इस पहल के तहत एनसीएल की परियोजनाओं के कोल स्टॉक का औचक भौतिक सत्यापन, खदानों में नियोजित वे-ब्रिज की कार्य प्रणाली, सूचना एवं प्रौद्योगिकी पहलों के निवारक मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य खदानों में पारदर्शिता, सत्यानिष्ठा, और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाना है।

# चितरंगी जनपद को शीघ्र मिलेगा फायर ब्रिगेड यूनिट: कलेक्टर

**सिंगरौली।** आधी तूफान से प्रभावित हुये किसानो के फसलो, माकानो के साथ साथ पशु हानि के क्षति की राहत राशि शिविर आयोजित कर वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाये साथ ही राजस्व के लंबित प्रकरणो का निराकरण अभियान चलाकर किया जाये उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के द्वारा कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियो को दिया गया। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, अखिलेश सिंह, सुरेश जाधव, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, सौरभ मिश्रा सहित सभी उपखण्डो के तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर ने उपखण्डवार नामातरण, वटनवारा, सीमांकन के लंबित प्रकरणो निराकण के प्रगति की समीक्षा करने के पश्चात निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणो का अभियान चलाकर निराकरण करना सुनिश्चित किया जाये। वही उपस्थित उपखण्ड अधिकारियो को इस आशय के निर्देश दिये गये कि अपने स्तर पर बैठक आयोजित प्रकरणो का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि समय पर लंबित प्रकरणो का निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने तीन माह एवं छ: माह के लंबित प्रकरणो का निराकरण तत्परता के साथ किये जाने के भी निर्देश दिये। वही स्वामित्व योजना आबादी सर्वे के कार्य मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश दिये।

# भिंड मुरैना की तर्ज पर सिंगरौली में अवैध रेत माफियाओं का आतंक

## साहकार ग्लोबल कंपनी के कर्मियों के कार्यालय में नकाबपोशों ने रात को किया हमला, एडिशनल एसपी - सीएसपी व थाना प्रभारी पहुंचे मौके पर

**सिंगरौली।** जिले में भिंड मुरैना की तर्ज में अवैध रेत माफिया का आतंक जारी है। बीती रात कोतवाली थाना क्षेत्र के बलियरी में स्थित रेत कंपनी साहकार ग्लोबल के कार्यालय में एक दर्जन से ज्यादा नकाबपोश ने हमला बोल दिया, जिसमें दो-तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार होकर आए युवकों ने कार्यालय के बाहर खड़े दोपहिया और चार पहिया वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए मौके से भाग गए। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, सीएससी पन्नू सिंह परस्ते थाना प्रभारी सुधेश तिवारी पहुंचे और पूछताछ शुरू कर दी। इस घटना के पहले एक के बाद एक करके कई घटनाएं जिले भर में रेत माफियाओं ने घटित की, लेकिन प्रशासन और पुलिस के ढीले रवैए की वजह से अभी तक रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है।

गौरतलब है कि जिले में पिछले दिनों रेत ठेकेदार पर स्थानीय रेत के अवैध कारोबारियों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद रेत ठेकेदार की बिजलेंश टीम ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद से रेत के अवैध कारोबारी रेत ठेकेदार पर घात लगाए बैठे थे और बीती रात रेत ठेकेदार के ऑफिस में हमला कर दिया। हमलावर अपने साथ बेसबाल के डंडे लेकर आए थे और उनके सामने जो आ रहा, था, उसे निशाना बना रहे थे। कंपनी से जुड़े लोगों का कहना है कि रेत चोरी करने वाले कारोबारियों द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है। हमले में रेत कंपनी का कर्मचारी बृजेश व एक अन्य घायल हुआ है



जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। ठेका कंपनी के लोग बताते हैं कि एक दिन पहले भी गुरूवार की दोपहर में भी हमला हुआ था, जिसकी उन्होंने मौखिक रूप से पुलिस में शिकायत की थी। लेकिन उस घटना के बाद रेत ठेकेदार के लोगों को लगा था कि शायद अब रेत का अवैध कारोबार बंद हो जाएगा, लेकिन रेत का अवैध कारोबार बंद होना तो दूर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

### रेत के अवैध कारोबारियो को किसका मिल रहा संरक्षण

रेत ठेकेदार ने अवैध रेत खनन और परिवहन पर सख्ती लगाई तो रेत के अवैध कारोबारी तिलमिला उठे। अपने कारोबार को सिमटता देख रेत के अवैध कारोबारी दहशत फैलाकर रेत ठेकेदार पर दवाब बनाने लगे। लेकिन जिस तरह से रेत के अवैध कारोबारी के हौसले बलंद है और वह दहशत फैला रहे हैं ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर रेत के इस अवैध कारोबार के पीछे किस नेता या अफसर का संरक्षण है। हालांकि संरक्षण किसका है यह तो क्लियर नहीं है, लेकिन जिस तरह से बेखौफ होकर रेत माफिया रेत का अवैध कारोबार कर रहे हैं. उसे देखकर एक बात तो तय है कि रेत माफियाओं को सत्ता पक्ष के नेता, प्रशासन और पुलिस की सह तो है. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता।

### रेत माफिया का दुस्साहस, पुलिस के लिए बने चुनौती

विधानसभा चुनाव के बाद से रेत माफिया का आतंक बढ़ गया है। रेत माफिया का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वह रेत ठेकेदार को ही अब निशाना बना रहे हैं। और उन पर आए दिन हमला कर रहे हैं। इतना ही नहीं पुलिस और प्रशासन को भी ताक पर रखे हुए हैं। इतना ही नहीं पुलिस की रोक टोक भी मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार को जब बलियारी रोड पर स्थित रेट ठेकेदार के कार्यालय में नकाबपोश युवकों ने हमला किया उसे समय सड़क से लोग आवाज ही कर रहे थे। नकाबपोश युवकों द्वारा खुलेआम की गई मारपीट से राहगीर भी दशहत में आ गए और जान बचाकर भागते नजर आए। लोगों का कहना है कि बेसबाल के डंडे लेकर आए असामाजिक तत्वों के सामने जो आ रहा था, उसे ही अपना निशाना बना रहे थे। करीब 10 से 15 मिनट तक नकाबपोश युवक बीच सड़क पर तांडव मचाते रहे लेकिन उनको रोकने की हिम्मत किसी ने नहीं की। इसी बीच रेत से लबा एक ट्रक भी गुजरा है, संभवत: इसी ट्रक को पार कराने के लिये यह हमला किया गया है।

# जिला न्यायालय परिसर में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को किया प्रेरित







**सीधी।** मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री वीरेन्द्र जोशी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 04.05.2024 दिन शनिवार को प्रात: 10:30 बजे से जिला न्यायालय स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा स्वयं रक्तदान कर किया गया। तत्पश्चात अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में श्रीमती रमा जयंत मित्तल विशेष न्यायाधीश, श्री सुधीर सिंह चौहान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्री बृजेन्द्र सिंह अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, श्री वीरेन्द्र जोशी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री मुकेश कुमार प्रथम जिला न्यायाधीश, श्री राजेश श्रीवास्तव द्वितीय जिला न्यायाधीश, श्री विकास चौहान तृतीय जिला न्यायाधीश, श्री गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्याधीश, न्यायाधीशगण सर्वश्री सोनू जैन, श्रीमती शोभना मीणा, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती सोनम शर्मा, श्री अभिषेक साहू, श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. अमन सिंह चन्देल ब्लड सेंटर अधिकारी, श्री संजय पाण्डेय लैब टैक्नीशियन, श्री अब्दुल कादिर लैब टैक्नीशियन, श्री रोहित कोल सं. लैब टैक्नीशियन, श्री राम सुशील मिश्रा लैब असिस्टेंट, श्रीमती अंजू मिश्रा नर्सिंग ऑफिसर कु. प्रियंका झारिया, नर्सिंग ऑफिसर एवं जिला चिकित्सालय का स्टाफ सहित जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री राजेश प्रताप सिंह, श्री उमाकांत शुक्ला तथा जिला न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर के दौरान श्री वीरेन्द्र जोशी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह संदेश दिया गया कि रक्तदान जीवनदान के समान है, हर स्वस्थ व्यक्ति को तीन माह के अंतराल में रक्तदान करना चाहिए इससे हृदयघात की संभावनाएं कम हो जाती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है एवं रक्तदान करने के बाद अच्छा महसूस होता है। रक्तदान में जिला न्यायालय के अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### कलेक्टर ने जनपद पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं बेहतर न होने पर व्यक्त की नाराजगी

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने आज जनपद पंचायत कार्यालय बुढार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाएं बेहतर न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यालय की बेहतर साफ सफाई तथा खुली हुई तारों को सुव्यवस्थित करे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पेंशन के प्रकरणों की जानकारी ली तथा कहा कि आधार कार्ड अपडेट कर कोई भी पेंशन से संबंधित प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए की कार्यालयो कि फाइलों को अनावश्यक रूप से न रखें तथा फाइलों को सुव्यवस्थित रखें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मनरेगा, विवाह पंजीयन, स्वच्छता, कर्मकार, आवास के कार्यों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा 7 दिवस के अंदर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, सीईओ जनपद पंचायत बुढार श्री मुद्रिका सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीधी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में वर्तमान परिस्थिति में अत्याधिक गर्मी दृष्टिगत रखते हुए लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है क्योकि ऐसे शुष्क वातावरण में लू (तापघात) की संभावना जानलेवा भी हो सकती है। उन्होंने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र में समस्त क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करें तथा आम जन को भी लू (तापघात) से बचाव संबंधी जानकारी समय-समय पर प्रसारित करें। गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीऐ एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों को विशेष ध्यान रखें बच्चों को सिखाये कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आये। गर्मी के दिनों में बुजुर्गो का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन तथा तरल पदार्थों का सेवन करवायें। गर्मी के दिनों में ठण्डे मौसमी फलों का सेवन करें। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अंदर आने से रोके।

### लू से बचाव के लिए क्या न करें

बिना भोजन किये बाहर न निकले। जहाँ तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खडे होकर मेहनत/अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड़ गर्म घुटन भरे कमरों में ना जायें, रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्वक होने पर ही करे। बच्चों एवं बुजुर्गो के दिन के सबसे गर्म समय जैसे - दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें । धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़ें। धूप में नंगे पॉव न चले। चाय कॉफी अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।

### लू लगने पर लक्षण

गर्म लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान से 40 सेल्सियस या 104 फेरेनाइट, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना एवं घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द।

### लू तापघात से प्रभावित व्यक्ति का प्राथमिक उपचार व तरीके

रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटा दे एवं हवा करें, रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य/पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठण्डे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का शर्वत आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी से स्नान कराये या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियॉ रखकर पूरे शरीर को ढक दे। इस प्रक्रिया को तब तक दोहराये जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता है।

# सुपर-100 योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई

## 15 एवं 16 जून को होगी लिखित परीक्षा

सीधी

एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सुपर-100 योजना है। विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षा की नि:शुल्क तैयारी होगी। उन्होंने बताया कि सुपर-100 योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई 2024 है। लिखित परीक्षा 15 एवं 16 जून को होगी। उन्होंने बताया कि सुपर 100 योजना के अनुसार सभी मेधावी छात्रों को भोपाल के शासकीय उत्कृष्ट सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल और इंदौर के शासकीय मल्हार आश्रम स्कूल में मुफ्त में एडमिशन दिया जाता है। इसके अलावा, उन्हें वहां रहने के लिए हॉस्टल भी मुफ्त में दिए जायेगा, यहाँ तक कि उनके खाने पीने का भी पूरा खर्चा शासन द्वारा किया जाता है। इस योजना के तहत छात्रों को न सिर्फ कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई मुफ्त में कराई जाएगी, बल्कि इसके साथ ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की पढ़ाई भी मुफ्त में कराई जाती है। लाभार्थी छात्रों को इंजीनियरिंग, आईआईटी, जेईई, सीए और मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग 2 साल तक मुफ्त में कराई जाती है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। छात्रों को खुद के व्यक्तिगत खर्च के लिए हर महीने 150 रूपये दिए जायेंगे, जो कि 10 माह की अवधि तक प्रदान किये जाएंगे। इस योजना अंतर्गत कुल 356 विद्यार्थी अध्ययन करेंगे जिनमें गणित विषय में 127, जीव विज्ञान 127 और कामर्स मे 102 सीट है। सुभाष उत्कृष्ट भोपाल में 76 गणित की सीट, 76 जीव विज्ञान की सीट और 51 कामर्स की सीट है, जबकि मल्हार आश्रम इंदौर में 51 गणित की सीट, 51 जीव विज्ञान की सीट और 51 कामर्स की सीट है।

# भाकपा नेता कामरेड अतुल अंजान के निधन पर भाकपा ने शोक व्यक्त किया



**सीधी।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल अंजान का कैंसर से लम्बी बीमारी के वाद 3 जून को सुबह निधन हो गया। आज सीधी जिला परिषद द्वारा उनके निधन पर शोक व्यक्त किया गया। भाकपा नेता कामरेड आनंद पांडेय ने बताया कि कामरेड अतुल अंजान ने अपना राजनैतिक सफर 1977 में सुरू किया था। वह सबसे पहले लखनऊ विश्वविद्यालय क्षात्र संघ के चार वार अध्यक्ष रहे! वह एक प्रखर कम्यूनिस्ट नेताओं में एक मानें जातें थें। वो देश के किसानों के उत्थान के लिए वनी सवामिनाथन कमेटी के सदस्य थे उक्त कमेटी में अपना पक्ष रखा जिसे सामिल किया गया। पिछले समय किसानों का दिल्ली मे चलें एक साल के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा कर किसानों को एक जुट किया। भाकपा द्वारा किये गये शोक सभा में कामरेड आनंद पांडेय, कामरेड माधव पांडेय, कामरेड इंद्रभान पटेल, कामरेड विभा पांडेय, कामरेड लाल बहादुर पटेल, कामरेड महेंद्र सिंह, कामरेड प्रमोद शुक्ल, कामरेड राजेश कारपेंटर, रानी द्विवेदी एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

# न्यायालय में राजस्व प्रकरण लंबित न रहे: कलेक्टर



शहडोल

कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने आज तहसील कार्यालय बुढार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देशित किया की न्यायालय में राजस्व प्रकरण लंबित न रहे तथा कार्यवाही कर तत्काल पोर्टल पर दर्ज कराए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय बुढार के रीडर श्री मनोज सिंह द्वारा राजस्व प्रकरण को कंप्यूटर में दर्ज न होने पर नोटिस देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए की कार्यालय में बैठक, पेयजल व अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु प्रस्ताव बनाकर भिजवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय के लोक सेवा केंद्र का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान लोक सेवा केंद्र में आए आवेदको से चर्चा की तथा जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अपडेट के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि निर्धारित दिवस में जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही बेहतर कार्य करने पर सराहना भी की। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, सीईओ जनपद पंचायत बुढार श्री मुद्रिका सिंह, तहसीलदार श्रीमती भावना डेहरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कमिश्नर ने बकेली में निर्माणाधीन जल संयंत्र का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज शहडोल जिले के ब्यौहारी विकासखंड के ग्राम बकेली में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन जल संयंत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संयंत्र का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कमिश्नर ने जल संयंत्र के निर्माण में लगाई जा रही निर्माण सामग्री रेत, सीमेंट, गिट्टी एवं सरिया की क्वालिटी का भी निरीक्षण किया।

तथा निर्माण सामग्री के सैंपल लिए साथ ही सैंपलों के जांच करने के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के होने चाहिए।

# नहर मे समाई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, कई लोगों के डूबने की आशंका

सीधी





जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरिगवा में आज सड़क हादसा घटित हो गया है जहां रीवा की ओर जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर बाणसागर नहर में समा गई। जिसकी वजह से कई लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा करीब 3 बजे हुआ है। हालांकि उसमें कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी अभी नहीं है फिलहाल एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है अभी भी पुलिस एवं प्रशासन की टीम के द्वारा उन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। वाहन को बाहर निकाल लिया गया है मौके पर पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा मौजूद है।

### कमिश्नर ने शहरगढ़ में पाइप लाइन यार्ड का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज ब्यौहारी तहसील में भन्नी माइक्रो सिंचाई परियोजना के लिए ग्राम पंचायत शहरगढ़ में पाइपलाइन यार्ड का निरीक्षण किया तथा पाइपों की गुणवत्ता देखी। इस दौरान अधिकारियों ने कमिश्नर को बताया कि भन्नी माइक्रो सिंचाई परियोजना में 44 गांव के किसानों को पानी पहुंचाया जाएगा।

# कमिश्नर ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, नहीं मिले कोई बच्चे

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी एस जामोद में आज नगर पंचायत देवलोंद के वार्ड क्रमांक 9 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में 10.30 बजे तक एक भी बच्चा आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं पाए जाने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से यह जानकारी ली की आज आंगनबाड़ी केंद्र में कोई बच्चे क्यों नहीं आए। इस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कमिश्नर को बताया कि बच्चों को लाने के लिए बच्चों के घरों में जाना पड़ता है। इस दौरान कमिश्नर ने आंगनबाड़ी केंद्र की विभिन्न पंजियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में छ: गर्भवती महिलाएं दर्ज हैं जिन्हें टी एच आर विपरीत किया जा रहा है।

# कमिश्नर ने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निपनिया का किया निरीक्षण

शहडोल

कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी एस जामोद में आज ब्योहारी विकासखंड के ग्राम पंचायत निपनिया में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निपनिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण उच्च स्तर की गुणवत्ता के साथ करना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अधिकारी सिर्फ ठेकेदारों के भरोसे ना रहे बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की निरंतर मॉनिटरिंग करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टीमेट में जो प्रावधान किए गए थे उसके अनुरूप कार्य कराए निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने गहन चिकित्सा इकाई, ओपीडी, जनरल वार्ड एवं चिकित्सा परिसर का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त श्री मगन सिंह कनेश, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री सुनील परमार तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

### कमिश्नर ने देवलौंद में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज शहडोल जिले के नगर पंचायत देवलोंद में कायाकल्प योजना के अंतर्गत वार्ड नंबर 9 में कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य एवं खेल मैदान निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री पाए जाने पर कमिश्नर ने सड़क निर्माण को पुन: कराए जाने के निर्देश नगर पालिका अधिकारी को दिए। वहीं कमिश्नर ने निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य के फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने देवलोंद नगर के वार्ड नंबर 9 में निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान खेल मैदान के निर्माण में गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग करने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि खेल मैदान के निर्माण कार्य को निरस्त करें।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र बुढार का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने जनपद पंचायत बुढार के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों की उपस्थिति, वजन, हाइड, मीनू के अनुसार भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित रहे तथा उनका समय-समय पर वजन करें। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री मनोज लारोकार, सीईओ जनपद पंचायत बुढार श्री मुद्रिका सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मरीज कतार में खड़े न रखे यह व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, मरीजों से की चर्चा

शहडोल



कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने आज जनपद पंचायत बुढार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बीएमओ को निर्देश दिए की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों को उपचार के लिए कतार में खड़े ना रहे इसकी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए की मरीजो को पैथोलॉजी लैब से समय पर जांच रिपोर्ट प्रदाय की जाए तथा उपचार करने आए मरीजों को बेड की सुविधा रहे वे जमीन पर न लेटे यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार के टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण कर टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली तथा समय पर बच्चों का टीकाकरण तथा ओपीटी रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ओपीडी कक्ष, पैथोलॉजी लैब, एनआरसी कक्ष, उमंग स्वास्थ्य,लेबर कक्ष सहित अन्य कक्षो का भी निरीक्षण किया। एनआरकी कक्ष के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती बच्चो के संबंध में जानकारी जिसमे बताया गया कि आज की स्थिति में कुल 9 बच्चे भर्ती हैं। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार में उपचार करने आए मरीजों से भी चर्चा की तथा दिए जा रहे है स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए के लाल, सीईओ जनपद पंचायत बुढार श्री मुद्रिका सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

## विवाह की वैधता

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिंदू विवाह पर एक नई व्यवस्था देते हुए कहा है कि अगर अपेक्षित विवाह समारोह नहीं हुआ है, तो हिंदू विवाह अमान्य है। अदालत ने हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट करने की जो कोशिश की है, उस पर पूरी गंभीरता से गौर करने की जरूरत है। इस फैसले को समग्रता में नहीं समझा गया, तो हिंदू विवाह की वैधता को लेकर अक्सर सवाल उठेंगे। न्यायालय ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। सात फेरों और समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश ध्यान देने लायक है। इसमें कोई शक नही कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। हालांकि, विवाह की पवित्रता का आभास समाज में समय के साथ घटा है और उसमें सुधार की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह को नहीं समझा जा सकता और सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। अदालत ने यह भी साफ किया है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है और यह नाच-गाने, खाने-पीने का आयोजन नहीं है। अपेक्षित विवाह समारोह होना चाहिए, उसके बिना मात्र पंजीकरण से विवाह वैध नहीं हो जाता है। दहेज या उपहार का आदान-प्रदान भी विवाह नहीं है और इसे रोकने के लिए कानून भी लागू है। कुल मिलाकर, अगर न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए, तो यह सुखद और स्वागतयोग्य है। फिर भी अदालतों को सचेत रहना होगा कि ताजा फैसले के बाद विवाह पंजीकरण का महत्व कहीं कम न हो जाए। असंख्य विवाह बहुत जरूरी होने पर या सुरक्षा की दृष्टि से ही सुनियोजित ढंग से पंजीकृत किए जाते हैं।

**जब पूरा देश मजदूर दिवस मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ था, तब दिल्ली एनसीआर के छात्र-अभिभावक महज इस बात पर दहशतजदा हो गए कि एक धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्कूलों में आपातकाल लागू कर दिया गया और छात्रों को वापस घर ले जाने के लिए अभिभावकों में अफरातफरी मच गई। हालांकि, दिल्ली-यूपी पुलिस ने सूझ-बूझ से काम किया और फौरन 200 से ज्यादा प्रतिष्ठित स्कूलों की तलाशी ली गई। लेकिन इस दौरान जो महसूस किया गया, वह हमारे अभिजात्य वर्गीय स्कूलों और सुशिक्षित अभिभावकों की मानसिकता पर कई सवाल खड़ा करते हैं।**

# धमकी भरे आतंकी ईमेल, स्कूली आपातकाल और दहशतजदा छात्र-अभिभावक

(कमलेश पांडे )

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने इस पूरे प्रकरण पर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से बातकर दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम थ्रेट्स यानी बम की धमकी पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो सही दिशा में उठाया हुआ एक जरुरी कदम है। इससे छात्रों-अभिभावकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा।

जब पूरा देश मजदूर दिवस मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ था, तब दिल्ली एनसीआर के छात्र-अभिभावक महज इस बात पर दहशतजदा हो गए कि एक धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्कूलों में आपातकाल लागू कर दिया गया और छात्रों को वापस घर ले जाने के लिए अभिभावकों में अफरातफरी मच गई। हालांकि, दिल्ली-यूपी पुलिस ने सूझ-बूझ से काम किया और फौरन 200 से ज्यादा प्रतिष्ठित स्कूलों की तलाशी ली गई। लेकिन इस दौरान जो महसूस किया गया, वह हमारे अभिजात्य वर्गीय स्कूलों और सुशिक्षित अभिभावकों की मानसिकता पर कई सवाल खड़ा करते हैं।

पहला, क्या दिल्ली-एनसीआर के हाई पेड स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था इतनी लचर है कि वहां बम प्लांट किया जा सकता है? यदि ऐसा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है! स्कूल प्रबंधन को स्थानीय पुलिस से तालमेल बिठाकर अपनी सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे स्कूली आपातकाल की नौबत नहीं आए और छात्रों व उनके अभिभावकों को उन स्थितियों का सामना नहीं करना पड़े, जैसा कि मई दिवस के दिन देखा व महसूस किया गया। क्योंकि ऐसी अप्रत्याशित सूचनाओं से, घटनाओं से बाल मन पर जो बुरा प्रभाव पड़ता है, उससे होने वाली क्षति कल्पना से परे है और मनोवैज्ञानिक ही इसकी सटीक व्याख्या कर सकते हैं।

वहीं, अभिजात्य अभिभावकों का भी यह कर्तव्य है कि पीटीएम में इस विषय को उठाएं और भविष्य में अपने बच्चों की सुरक्षा की गारंटी लें, भले ही इसके लिए उन्हें अतिरिक्त फीस क्यों नहीं अदा करनी पड़े। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली से पहले बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में बड़ी संख्या में स्कूलों को फर्जी धमकियां भेजी जा चुकी हैं। गत वर्ष 1 दिसंबर 2023 को बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम होने की



सूचना दी गई थी। इसी वर्ष फ़रवरी 2024 में चेन्नई के 13 स्कूलों को और अप्रैल 2024 में कोलकाता के स्कूलों को इस तरह की मेल भेजी गई थी। ज्यादातर मामलों में यही पता चला कि मेल विदेश से भेजे गए थे। जाहिर है कि इसके पीछे कोई संगठित गैंग काम कर रहा है, जिसका इरादा बाल मनोमस्तिष्क को प्रभावित करना है, जो पूरी तरह से गलत है।

दूसरा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने इस पूरे प्रकरण पर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से बातकर दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम थ्रेट्स यानी बम की धमकी पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो सही दिशा में उठाया हुआ एक जरुरी कदम है। इससे छात्रों-अभिभावकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। इतना ही नहीं, उपराज्यपाल सक्सेना ने दिल्ली पुलिस को स्कूल परिसर में गहन तलाशी लेने, दोषियों की पहचान करने और कोई चूक न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जो बहुत बड़ी बात है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय दिल्ली से 13, नई दिल्ली से 6, पूर्वी दिल्ली के 24, उत्तरपूर्वी दिल्ली से 2, दक्षिणी दिल्ली के 18, दक्षिण पूर्वी दिल्ली से 10, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली से 20, पश्चिमी दिल्ली के 21 उत्तरपश्चिमी दिल्ली से 29, उत्तरी दिल्ली से 3, बाहरी उत्तरी दिल्ली से 4, शहादरा में 22, रोहिणी से 10, द्वारिका से 24, बाहरी दिल्ली से 16 समेत कुल 222 स्कूलों को धमकी वाला ईमेल मिला। इससे स्पष्ट है कि साजिश करने वाला किसी बड़े गेमप्लान का हिस्सा है, जिसका पर्दाफाश करना बहुत जरूरी है।

तीसरा, स्कूली आपातकाल प्रकरण पर दिल्ली पुलिस की जितनी तारीफ़ की जाए, वह कम है। क्योंकि एक साथ दिल्ली के 100 से ज़्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की कॉल से जब हड़कंप मच गया, तब दिल्ली पुलिस ने एक साथ दिल्ली के सभी स्कूलों में बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड, स्निफर डॉग,फायर ब्रिगेड और अपनी विशेष टीमें भेज कर अपनी ततपरता का परिचय दिया। आलम यह रहा कि दिल्ली के बड़े बड़े अधिकारी यहाँ तक कि खुद दिल्ली के एलजी भी सड़कों पर उतर कर मुआयना कर रहे थे। यही वजह है कि सभी स्कूलों की कुछ ही घंटे में चेकिंग संभव हो पाई और बच्चे तथा टीचर से लेकर सभी स्कूलकर्मियों को सुरक्षित घर पहुँचाया जा सका। इससे साफ है कि दिल्ली पुलिस किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निबटने में पूरी तरह सक्षम है। यह हम सभी के लिए सुकून का विषय होना चाहिए।

चौथा, जिस तरह से दिल्ली, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के करीब 200 से ज्यादा स्कूलों में बुधवार को धमकी भरा ई मेल भेजकर यह कहा गया कि इन स्कूलों में बम प्लांट किया गया है, किसी गहरी साजिश का नतीजा है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि देशद्रोही ताकतें हमारे नौनिहालों के मन में दहशत पैदा करने की कोशिश कर हैं, या फिर कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना साधने की जुर्रत कर रहे हों। यही वजह है कि स्कूलों को मिले ई-मेल की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस समेत तमाम एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। उम्मीद है कि इसके शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम वाला ईमेल भेजने के लिए रूस के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि इंटरनेट तो रूसी है, लेकिन इसका इस्तेमाल दुनिया के किसी भी कोने से किया जा सकता है। इसलिए जिस डिवाइस से इसे भेजा गया है, उसके आईपी एड्रेस का भी पता लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। धमकी वाला ईमेल ह्याइ्1इ्ह्द्दद्दश्चद्दइ्द्दय.ह्ह की आईडी से भेजा गया है। सवारीइम एक अरबी शब्द है, जिसका मतलब तलवारें टकराना है। इसे इस्लामिक स्टेट ने 2014 से इस्तेमाल करना शुरू किया था। धमकी भरा ईमेल भेजने के लिए प्रॉक्सी एड्रेस का प्रयोग हुआ।

# एक समुद्र यात्रा ऐसी भी

**प्रचलित कथा है कि दुर्वासा ने इन्द्र को श्रीविहीन होने का शाप दिया था। शाप के फलस्वरूप लक्ष्मी समुद्र में विलीन हो गई। इन्द्र की वैभव सम्पत्ति उसके बाद समाप्त प्राय हो गई। फिर लक्ष्मी के प्राप्तार्थ समुद्र मंथन किया गया। एक अन्य कथा (मत्स्य पुराण) के अनुसार प्राचीन काल में देवासुर संग्राम में देवताओं द्वारा मारे गए अनेकों राक्षसों को उनके गुरु शुक्राचार्य संजीवनी विद्या का प्रयोग करके जगा देते थे। संजीवनी विद्या के प्रभाववश वे राक्षस सोकर उठे हुए प्राणियों की तरह जग जाते एवं फिर से युद्ध करने लगते थे। उन बड़ी दुविधाजनक स्थिति थी। राक्षस देवताओं का अन्त कर रहे थे, लेकिन उनका अन्त ही नहीं था।**

(नंदकिशोर श्रीमाली)

पूंजीवाद (केपीटलिज्म), उपनिवेशवाद (कॉलोनियलिज्म) की स्थापना में समुद्री यात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इतिहास गवाह है कि यूरोप में मध्य युग में समुद्र यात्राएं की गई थीं धन, सम्पति एवं नए द्वीपों की खोज के लिए। सब जानते हैं कि प्रख्यात नाविक कोलम्बस भारत खोजने निकले थे एवं उन्होंने अमेरिका खोज लिया था। इस्ट इंडिया कम्पनी भारत में व्यापर करने समुद्री रास्ते से आई थी।

इन्होंने सूरत (1619), मद्रास (1639) और बॉम्बे (1668) में व्यापारिक चौकियाँ स्थापित की, तीनों शहर बंदरगाह है। कालांतर में यह व्यापारी मालिक बन गए, पूंजीपति। समुद्र यात्राएं एक प्रकार से मानवीय महत्वकांक्षाओं को निरूपित करती हैं, तथा एक समुद्री यात्रा, समय के शुरूआत में भी की गई थी। पुराण इस समुद्री यात्रा को अमृत मंथन कहता है, पर यह मंथन महत्वकांक्षा पूर्ति हेतु लक्ष्मी एवं अमृत तत्व की खोज हेतु किया गया था।

अमृत तत्व को उसके लेबल से अलग करके देखना होगा। । लक्ष्मी अथवा अमृत एक ही बात है क्योंकि धनहीन व्यक्ति को जीवन में बार-बारअपमानित होता है। निर्धनता, निधन तुल्य है। हरिश्चन्द्र को दरिद्रता के कारण अपने पत्नी और पुत्र को बेचना पड़ा था। द्रोणाचार्य को अपने बाल मित्र ध्रुपद से अपमानित होना पड़ा था। कथा चाहे कोई भी हो अमृत अनेक अर्थों में जीवन है, धन सम्मान अथवा श्री है तथा समुद्र मंथन या समुद्री यात्राएं उस धन तत्व को पाने के लिए किया गया था। पौराणिक युग में हुआ वह समुद्र मंथन इससे भिन्न नहीं था।

प्रचलित कथा है कि दुर्वासा ने इन्द्र को श्रीविहीन होने का शाप दिया था। शाप के फलस्वरूप लक्ष्मी समुद्र में विलीन हो गई। इन्द्र की वैभव सम्पत्ति उसके बाद समाप्त प्राय हो गई। फिर लक्ष्मी के प्राप्तार्थ समुद्र मंथन किया गया। एक अन्य कथा (मत्स्य पुराण) के अनुसार प्राचीन काल में देवासुर संग्राम में देवताओं द्वारा मारे गए अनेकों राक्षसों को उनके गुरु शुक्राचार्य संजीवनी विद्या का प्रयोग करके जगा देते थे। संजीवनी विद्या के प्रभाववश वे राक्षस सोकर उठे हुए प्राणियों की तरह जग जाते एवं फिर से युद्ध करने लगते थे। उन बड़ी दुविधाजनक स्थिति थी। राक्षस देवताओं का अन्त कर रहे थे, लेकिन उनका अन्त ही नहीं था। शुक्राचार्य मृत संजीवनी विद्या के द्वारा जो उन्हें भगवान शिव ने दिया था, से मरे हुए राक्षसों को पुर्नजीवित कर दे रहे थे। देवताओं के खेमे में हाहाकार मच गया था। देवताओं को इस प्रकार चिन्तित देखकर दयामूर्त्ति ब्रह्मदेव ने देवताओं को ज्ञान दिया कि वे देवताओं के साथ मैत्री कर लें एवं अमृत प्राप्ति के लिए उपाय करें। इसके लिए भगवान विष्णु के हेल्पलाईन को एक्टीवेट करना होगा। वरुण को सहायक तथा शेषनाग रूपी रस्सी से परिवेष्टित मन्दराचल पर्वत को मथानी बनाकर क्षीर सागर का मंथन शुरू कीजिए। दानवेन्द्र बलि को अध्यक्ष रूप में थोड़े समय के लिए नियुक्त कीजिए।

क्षीर सागर का मंथन महान कार्य था। श्री'' की खोज हो अथवा अमृत की प्राप्ति, इस महान काम को अकेले देवता सम्पन्न नहीं कर सकते थे। देवताओं को भी भगवान नारायण का सहयोग चाहिए था, पर साथ ही उन्हें अपने से भी अधिक पराक्रमी दानवों को अपने पक्ष में करना था, निःसन्देह यह काम बिना प्रलोभन दिए नहीं होता, इसलिए उन्होंने बलि से कहा, दानवराज! विरोध समाप्त करें तथा अमृतप्राप्ति के लिए मिलकर उद्योग किया जाए, हम तो आपके सेवक है।'' ऐसा बोलकर देवताओं ने बलि को सिर पर चढ़ा दिया, तथा बलि तत्काल देवताओं के साथ चल दिए मन्दराचल पर्वत से प्राथ्रना करने हेतु कि वे इस दिव्य कार्य में मथानी बनें।

कई स्थानों पर लिखा है कि शेष नाग उस मथानी के रस्सी बने, तो कही कहा गया है कि रस्सी रूप में वासुकि नाग (शिव के गले में सर्प) थे, मन्दराचल को आधार कच्छपावतार रूप में भगवान विष्णु ने दिया। अनेक दिनों मंथन चला, देवता-असुर दोनो थक गए तब भगवान विष्णु ने उन्हें ऊर्जा दी। अमृत मंथन में अनेक प्रकार के खजाने निकले सबसे पहले वारुणि निकला, चन्द्रमा एवं लक्ष्मी बाहर निकले, उच्चैःश्रवा निकला, दिव्य कौस्तुभमणि बाहर आया। देवताओं ने सभी बहुमूल्य दिव्य रतन को तथा परम सुंदरी अप्सराओं को अपनी सेवा में नियुक्त किया तथा दानवों को वारुणी मिली, मदिरा की देवी।

अमृत मंथन के आखिर में धन्वन्तरि पीतल के कलश में अमृत लेकर बाहर आए, जिसके लिए देवताओं और दानवों में ये मेरा है- ये मेरा है'' कहकर कोलाहल मच गया था। तथा भगवान विष्णु को मोहिनी का रूप धारण करके उस झगड़े का निपटारा करने के लिए आना पड़ा पर विश्वमोहिनी रूपी विष्णु ने लड़ाई करते हुए उन दोनों पक्षों से मिल बाँटकर अमृत पीने का सुझाव दिया लेकिन वास्तविकता में जब अमृत वितरण का समय आया है तब उन्होंने देवताओं को अमृत दिया तथा दानवों को मदहोश कर दिया। पहले भी दानवों को मदिरा की देवी वारुणी मिली थी और बाद में भी मदहोशी।

पूंजीवाद में कुछ ऐसा ही होता हैकि जब अमृत वितरण का समय आता है तब जनता को सिर्फ मदहोशी मिलती है। अजीब विडंबना है, अमृत मंथन के समय असुरों को आगे कर दिया, 'सर्प' वारुणि अथवा शेष नाग के विष भरे फुंकार को झेलने के लिए पर जब अमृत निकला तो उसकी एक बुंद नहीं मिली उन्हें। जिसने छल करके लेना चाहा उसे भी भगवान विष्णु ने दो भाग में काट दिया, सिर राहु बना तथा पूंछ केतु।

समुद्र मंथन को आधुनिक सोच में अपनी सीमाओं के विस्तार के लिए किया गया युद्ध माना जा सकता है, यहा भी कुछ ऐसा हुआ होगा, एक बड़ी सी नाव बनाई गई, परम्परागत सत्ताधारी (देवता) एक हुए।

## वर्ग पहेली 5360

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | ■ | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | | 22 | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | | ■ | 25 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 13 जून 1940 का जलियावाला बाग हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर रहे माइकल ओ डायर की हत्या की (5)
5. एक बार सांस लेने का समय, बल (2)
7. खिंचकर कड़ा होना, फैलना (3)
8. जब एक-दूसरे के मत परस्पर मिलते हो (4)
9. मंत्री, शतरंज की एक मोहर (3)
10. मान-मर्यादा, प्रतिज्ञा (2)
11. प्रकार, ढंग, उपाय, युक्ति (3)
12. क्रय-विक्रय की सामग्री, भोजन (2)
13. नित्य प्रतिदिन, गुलाब (अंग्रेजी)(2)
14. रस्म, प्रथा, रिवाज (2)
16. क्रोध या आवेश में आने का भाव (3)
18. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उनकी निधियों के रक्षक कहे गए है (2)
20. पानी, जल, वारि, सलिल (2)
21. आंख के बीच का काला भाग जिसके मध्य प्रकाश की किरणें प्रवेश करती है (3)
23. नक्षत्र, सितारा (2)
24. पार्वती का एक नाम (2)
25. सिर्फ, केवल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्राणीशास्त्र के अनुसार तंतु समूह कोशिकाओं का बना अंग (3)
2. गणित में जोड़ का चिन्ह, संपत्ति, रूपैया-पैसा (2)
3. मनाने का काम (4)
4. पुरानी फिल्मों के गीतकार (8)
5. बर्बरतापूर्वक दबाने वाला, अत्याचारी (5)
6. दार्शनिक प्रणाली, राय, सलाह, वोट (2)
10. भारत की पहली सवाक (बोलती)फिल्म (5)
12. शिकस्त, पराजय (2)
15. दिनांक, तारीख (2)
17. किस समय, किस वक्त (2)
19. घायल, हानि पहुंचाया हुआ, जख्मी (2)
22. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित एक देश (2)

### वर्ग पहेली 5359 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | मी | र | ■ | गु | ज | रा | त |
| गु | ल | ब | द | न | ■ | ति | ल |
| र | ■ | ड़ | ■ | गु | ला | ब | ■ |
| ■ | सं | ■ | बै | ना | म | ■ | ■ |
| सा | के | त | ■ | ना | का | ■ | मु |
| म | त | ल | बी | ■ | फ | की | र |
| वे | ■ | घ | न | ■ | ■ | क | ली |
| द | रा | र | ■ | सा | ग | क | ■ |

# एआई नेटवर्क से सामने आएगी क्रांतिकारी टेक्नॉलजी

(मुकुल व्यास)

दुनिया में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की प्रगति की वर्तमान रफ्तार को देखते हुए यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि भविष्य में एआई का क्या रूप होगा? विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य के एआई सिस्टम स्टार ट्रेक सीरियल में दिखाए गए बोर्ग के समान एक नेटवर्क के जरिए एक साथ काम करेंगे और जानकारी साझा करेंगे। एमआईटी , येल और लफबरा विश्वविद्यालयों के रिसर्चरों ने नेचर मशीन इंटेलिजेंस पत्रिका में एक पेपर प्रकाशित किया है, जिसमें उन्होंने 'कलेक्टिव एआई' की अवधारणा का वर्णन किया है।

**एआई का समूह** - रिसर्चरों का कहना है कि मनुष्य जाति सामूहिक एआई का उदय देखेगी। इस सामूहिक एआई में विभिन्न इकाइयां होंगी। हर इकाई निरंतर सीखने और नई स्किल प्राप्त करने में सक्षम होगी। ये इकाइयां एक नेटवर्क बनाएंगी, जिसमें जानकारियां साझा की जाएंगी। आपस में मिलकर काम करने वाला एआई सिस्टम रिसर्च का एक बढ़ता हुआ क्षेत्र है।

**काम का तरीका** - स्टैनफर्ड और गूगल के रिसर्चरों ने एक काल्पनिक दुनिया विकसित की, जिसका नाम उन्होंने स्मॉलविल रखा। इसमें 25 एआई एजेंट बातचीत करते हैं और स्वायत्त रूप से काम करते हैं। एमआईटी ने 'सोसाइटी ऑफ माइंड्स' प्रस्तुत की, जिसमें एआई एजेंट यूजर की क्वेरी का समाधान खोजने के लिए एक-दूसरे से बहस करते दिखाई दिए। रिसर्चरों का कहना है कि कलेक्टिव एआई के बारे में उनका विजन स्टार ट्रेक या रिप्लिकेटर जैसे साइंस फिक्शन के सीरियलों में वर्णित पात्रों से अलग है।

**नेटवर्क में काम** - स्टार ट्रेक में बोर्ग साइबरनेटिक (कृत्रिम अंगों से युक्त साइबोर्ग) जीवों की एक जाति है जो कलेक्टिव नामक हाइव माइंड (ग्रुप मस्तिष्क) के माध्यम से जुड़ी हुई रहती है। इस सामूहिक चेतना ने बोर्ग ड्रोन को विचार साझा करने और नियमित रूप से परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की अनुमति दी।

**साइंटिफिक फैक्ट**- रिसर्चरों के अनुसार बोर्ग की सूचना शेयर करने की क्षमता साइंस फिक्शन से बाहर निकलकर वैज्ञानिक तथ्य बन सकती है। उनका मानना है कि जानकारी शेयर करने का यह विचार कई एआई इकाइयों को एक नेटवर्क के जरिए एक-दूसरे से नया ज्ञान और कौशल सीखने में सक्षम बनाएगा। चेटजीपीटी जैसे वर्तमान सिस्टम का ज्ञान सीमित है, जबकि एआई सिस्टम के ज्ञान को इंटरनेट एक्सेस के माध्यम से या रिट्रीवल-ऑगमेंटेड जेनरेशन जैसी तकनीकों के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है।

**खुद से सीखना** - एआई मॉडल को समय के साथ नई जानकारी सीखने के लिए बार-बार प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है जिसमें ऊर्जा ज्यादा खर्च होती है। कलेक्टिव एआई जैसी अवधारणा भविष्य के एआई सिस्टम को दोबारा प्रशिक्षण के बगैर लगातार नई जानकारी सीखने में मदद कर सकती है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज आपके सभी प्रयास सफल होंगे। काम की अधिकता से आपको लाभ होगा। काम की अधिकता के चलते आप परिवार के लोगों को समय नहीं दे पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा सा समय का सही से प्रबंधन करने की जरूरत है। किसी भी प्रकार के विवाद में उलझना सही नहीं है। राजनीतिक सहयोग मिलेगा।

### वृषभ

आज आपका जीवन सुखमय होगा। आपके धन और पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज किसी मामले में आपको तनाव हो सकता है। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा। विरोधी परास्त होंगे और आपको धन लाभ होगा। आपके लिए कारोबार में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आपको शाम के वव?त कोई अच?छी सूचना मिल सकती है और आपका मन प्रसन्?न होगा।

### मिथुन

आज आपके धन पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। आज के दिन विरोधियों से सावधान रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा और आपका काफी समय से रुका कोई कार्य संपन्?न होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी की आशंका है। संभलकर रहें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें।

### कर्क

आज रुपये-पैसे के मामले में फैसला काफी सोचकर करने की जरूरत है। आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आपको कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। विरोधी परास्त होंगे।

### सिंह

आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपके सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आप गृहोपयोगी वस्तुओं की खरीद पर खर्च करेंगे। आपको ऑफिस में किसी सहयोगी से तनाव मिल सकता है और आपका झगड़ा हो सकता है। आपको धन के लेनदेन में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

### कन्या

आज का दिन मिलाजुला होगा और आज आपके अंदर कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन रहेगी। आपका मन नहीं लगेगा। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे। खान-पान में संयम रखें। किसी से फालतू बातें न करें और अपने काम पर फोकस करें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

### तुला

आज आपके पुरुषार्थ और पराक्रम में वृद्धि के योग बन रहे हैं। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आज आपको किसी मामले में झगड़े और विवाद से बचने की जरूरत है। बेहतर होगा कि आप मेहनत से काम करें।

### वृश्चिक

आज आर्थिक लाभ होगा और पुराने कर्ज से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संमय रखें, वरना आप बीमार पड़ सकते हैं। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का अंत होगा और आपको सफलता मिलेगी। रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी।

### धनु

आज का दिन आर्थिक मामलों में सफलता से भरा होगा। विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि के योग है। आपको अचानक से कहीं से रुका धन मिल सकता है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। आज आप विवेक का प्रयोग करके जो फैसले लेंगे उससे आपको लाभ होगा। आपको रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभप्रद होगी। आज आपकी प्रियजनों से भेंट संभव है।

### कुंभ

आज आपको शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप हो सकता है। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। आज आपको किसी कारण से दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यात्रा पर जाने से आपके कार्य सफल होंगे और मन के अनुसार परिणाम मिलने से प्रसन्?नता होगी।

### मीन

आज का दिन विजय कारक है। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके स्वभाव और वर्चस्व में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। ऑफिस में लोगों के साथ आपके संबंध पहले से मधुर होंगे

## संक्षिप्त समाचार

### रैली में नाबालिग बच्चों का इस्तेमाल, हैदराबाद में अमित शाह सहित कई भाजपा नेताओं के खिलाफ केस दर्ज

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद शहर पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा हैदराबाद



लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार के माधवी लता और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ हाल ही में यहां एक चुनाव अभियान में कथित तौर पर नाबालिगों का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज किया है। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को एक शिकायत में, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष निरंजन रेड्डी ने आरोप लगाया कि 1 मई को लालदावाजा से सुधा टॉकीज तक भाजपा की रैली के दौरान, कुछ नाबालिग बच्चे अमित शाह के साथ मंच पर थे। एफआईआर कॉपी पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, निरंजन रेड्डी ने आरोप लगाया कि एक बच्चे को भाजपा के प्रतीक के साथ देखा गया। यह चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। पोल पैनल को उनकी शिकायत के बाद, सीईओ ने इसे तथ्यात्मक रिपोर्ट के लिए शहर पुलिस को भेज दिया, जिसके परिणामस्वरूप गुरुवार शाम 7 बजे मोगलपुरा पुलिस स्टेशन ने अमित शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। मामले में अन्य आरोपी व्यक्तियों में टी यमन सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता जी किशन रेड्डी और विधायक टी राजा सिंह शामिल हैं। पुलिस ने आईपीसी की धारा 188 (एक लोक सेवक द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन) के तहत मामला दर्ज किया और आगे की जांच कर रही है।13

### राहुल गांधी के पीए से हारने वाली हैं स्मृति ईरानी : संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा अमेठी से पहले और भी लोगों ने चुनाव लड़ा है जो गांधी परिवार के बहुत ही करीब रहे... भाजपा को क्या पड़ी है कि कौन कहां से चुनाव लड़े? मुझे स्मृति ईरानी पर बहुत दया आती है कि वे राहुल गांधी के पीए से हारने वाली हैं। ये बहुत ही सोच समझकर लिया हुआ निर्णय है... के.एल. शर्मा बहुत ही जमीनी कार्यकर्ता हैं... कांग्रेस पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता इस बार स्मृति ईरानी को परास्त करेगा। आपको बता दे की कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब यूपी की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगे। जबकि उनकी परंपरागत सीट अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। फिलहाल प्रियंका गांधी चुनाव मैदान से बाहर दिख रही हैं। इससे पहले उन्हें रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं।

### जालोर-भीनमाल-भीलड़ी के रास्ते संचालित होगी ट्रेन, 9 जून तक करेगी 6 ट्रिप



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में गर्मियों की छुट्टियों को देखते हुए रेल प्रशासन की ओर से भगत की कोठी से सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु स्टेशन के बीच एसी समर स्पेशल वीकली ट्रेन संचालित की जाएगी। ट्रेन रविवार से चलेगी और 9 जून तक 6 फेरे करेगी। जोधपुर से जुड़े रेलवे सूत्रों के अनुसार गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों का सफर सुगम बनाने के लिए ट्रेन 06587/06588 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु-भगत की कोठी-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु एसी समर स्पेशल वीकली ट्रेन का जालोर-भीनमाल-भीलड़ी स्टेशनों के रास्ते संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके 6 फेरे होंगे। ट्रेन 06588 भगत की कोठी से प्रत्येक रविवार को सुबह 4 बजे रवाना होकर सोमवार रात्रि 11.45 बजे सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन 06587 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु से प्रत्येक गुरुवार को सायं 4.30 बजे प्रस्थान कर शनिवार अपराह्न 1.30 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी।

### पीएम मोदी के दर्शन के बाद बढ़ा क्रेज, आदि कैलास के 10 मई को खुलेंगे कपाट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी के आदि कैलास और ओम पर्वत के दर्शन करने के बाद लोगों में काफी क्रेज बढ़ रहा है। आदि कैलास के दर्शन करने की आखिरकार डेट सामने आ गई है। पवित्र आदि कैलास के कपाट 10 मई को धार्मिक परंपरा के साथ खुलेंगे। इसके लिए विशेष प्रबंध किए गये हैं। हर साल शीतकाल में अधिक बर्फबारी के बाद मंदिर के कपाट बंद किए जाते हैं। जिसे धार्मिक पंरपरा के अनुसार ग्रीष्म काल में खोला जाता है। इसके बाद ही पार्वती कुंड के समीप स्थित भगवान आदि कैलास के मंदिर में पूजा अर्चना आरंभ होती है। आदि कैलास के पुजारी हरीश कुटियाल ने बताया कि मंदिर में कपाट खोलने की तैयारी पूरी कर ली गई है। कहा कि हर साल धार्मिक मान्यता के साथ मंदिर के कपाट खुलने के बाद ही वहां विधिवत पूजा अर्चना आरंभ होती है। यह वहीं मंदिर है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल आकर पूजा अर्चना कर साधना की थी। इस बार मंदिर में कपाट खुलने से पहले ही भारी संख्या में देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।

# 19 साल बाद संजय निरुपम की हुई घर वापसी, कांग्रेस छोड़ शिवसेना में शामिल पूर्व सांसद

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना से राजनीतिक करियर की शुरुआत करने वाले संजय निरुपम की 19 साल के बाद फिर से 'घर वापसी' हो गई। कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। निरुपम को पिछले महीने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया था।



निरुपम आज मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए। निरुपम अविभाजित शिव सेना के हिंदी मुखपत्र दोपहर का सामना के संपादक रह चुके हैं। निरुपम 2005 में कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया था। वह 2009 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता राम नाइक को मामूली अंतर से हराकर सांसद निर्वाचित हुए। कांग्रेस में 19 साल तक रहने के दौरान उन्होंने कई पदों पर काम किया जिनमें से मुंबई इकाई के प्रमुख पद की जिम्मेदारी भी शामिल थी।

कांग्रेस ने पिछले महीने ''अनुशासनहीनता और पार्टी-विरोधी गतिविधियों'' के चलते छह साल के लिए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। निष्कासन से कुछ दिन पहले ही निरुपम ने मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर फैसला करने के लिए पार्टी को ''एक सप्ताह का अल्टीमेटम'' दिया था।

मूल रूप से बिहार के निवासी निरुपम 1990 के दशक में पत्रकारिता के रास्ते राजनीति में आए। वह मुंबई से प्रकाशित अविभाजित शिवसेना के हिंदी मुखपत्र 'दोपहर का सामना' के संपादक बने। उनके कार्य से प्रभावित तत्कालीन शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे ने उन्हें 1996 में राज्यसभा भेजा। निरुपम शिवसेना के मुखर नेता के रूप में उभरे। शिवसेना उस वक्त मुंबई में बसे उत्तर भारतीय मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रही थी। हालांकि निरुपम को उस वक्त झटका लगा जब शिवसेना ने 2005 में उनसे राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने को कहा। शिवसेना से मतभेद होने पर अंततः 2005 में उन्होंने पार्टी छोड़ दी और उसके बाद कांग्रेस में शामिल हो गए।

**एल्विश यादव फिर मुश्किलों में, अब ईडी ने कसा शिकंजा :** नईदिल्ली, एजेंसी।

बिग बॉस फेम एल्विश यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। स्नेक वेनम केस में फंसने के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय उन पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है। ईडी ने नोएडा पुलिस की एफआईआर पर ईडी ने उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि ईडी का लखनऊ जोनल ऑफिस जल्द उन्हें पूछताछ के लिए बुला सकता है। मामला स्नेक वेनम-रेव पार्टी से जुड़ा हुआ ही बताया जा रहा है जिसे लेकर नोएडा पुलिस ने केस दर्ज किया था। बता दें, 17 मार्च को स्नेक वेनम मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नोएडा पुलिस ने एल्विश को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद वह 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए थे। हालांकि इसके 5 दिन बाद उन्हें जमानत दे दी गई थी। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि करते हुए कहा है कि लखनऊ यूनिट स्नेक वेनम रैकेट में शामिल बड़ी रकम को देखते हुए एल्विश और अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम की अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि टीम यादव और पुराने मामले में शामिल अन्य लोगों से पूछताछ कर सकती है। इससे पहले नोएडा पुलिस ने इस मामले एफआईआर दर्ज करने के लगभग छह महीने बाद, 6 अप्रैल को एल्विश यादव और सात अन्य के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत 1,200 पेज की चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट में बताया गया था कि कैसे सांपों की तस्करी की जाती थी और पार्टियों में उनके जहर का इस्तेमाल कैसे किया जाता था। न्यूज एजेंसियों के मुताबिक इसमें कहा गया था कि एल्विश सांप संचालकों के संपर्क में था । इसके अलावा पार्टी वाली जगह से एक जहरीला सांप और 20 मिलीलीटर करैत सांप का जहर बरामद किया गया था। एल्विश यादव ने उनके ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार और फर्जी बताया था।

# अशोक गहलोत के इंग्लिश मीडियम स्कूल बंद होंगे?



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में चल रहे 2000 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को हिंदी मीडियम में बदलने की तैयारी चल रही है। शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर अधिकारियों से इंग्लिश मीडियम स्कूल के मौजूदा हालात, टीचर्स की संख्या, स्टूडेंट की संख्या के साथ ही उसे फिर से हिंदी मीडियम में शुरू करने की सिफारिश मांगी है। इसके आधार पर फैसला कर शिक्षा विभाग इंग्लिश मीडियम स्कूल को फिर से हिंदी मीडियम में बदलेगा। राजस्थान में भाजपा सरकार दो हज़ार से अधिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को हिंदी माध्यम में कन्वर्ट करने की तैयारी कर रही है. माना जा रहा कि अगली केबिनेट बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है।

राजस्थान शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक़ इस संबंध में सैद्धांतिक सहमति बन गई है। शिक्षा विभाग की ओर से सभी संभाग और उपखण्ड स्तर से महात्मा गांधी अंग्रेज़ी मीडियम स्कूलों के संचालन को लेकर पूरी रिपोर्ट माँगी गई है। शिक्षा विभाग के बाद वर्तमान में महात्मा गांधी अंग्रेज़ी मीडियम स्कूल में मापदंड पूरे नहीं किए जा रहे हैं। जबकि इन स्कूलों के पास में दूसरी अंग्रेज़ी स्कूल संचालित हो रहे हैं। ऐसे में इन्हें हिंदी मीडियम स्कूल करने से शिक्षण व्यवस्था को बेहतर किया जा सकेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि रिव्यू किया जा रहा है।

पिछली गहलोत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की संख्या वर्तमान में 2070 के क़रीब है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और गहलोत सरकार में शिक्षा मंत्री रहे गोविंद सिंह डोटासरा के समय इस योजना को मूर्त रूप दिया गया था। विधानसभा चुनाव में गहलोत सरकार ने इसे भुनाने की पूरी कोशिश की थी लेकिन अब राजस्थान में भाजपा सरकार ने इन स्कूलों को हिंदी मीडिया में कन्वर्ट करने का मन बना लिया है।

## शहरी वोटरों से परेशान हो गया चुनाव आयोग, पहले से भी कम हो गया इसबार का मतदान

**बेंगलुरु , एजेंसी।** लोकसभा के लिए बीते दो चरणों में कम मतदान चिंता का विषय बना हुआ है। चुनाव आयोग ने भी इसपर निराशा जताई है। शुक्रवार को चुनाव आयोग ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के वोटर मतदान के प्रति ज्यादा ही उदासीन हैं। बता दें कि 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में 4 फीसदी और दूसरे चरण में तीन फीसदी की कमी देखी गई है। पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और 66.14 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी। वहीं दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 फीसदी वोट पड़े थे। पहले दो चरणों में शहरी सीटों पर मतदान में खासी कमी देखी गई है। लंबे समय से चुनाव आयोग प्रयास करता है कि शहरी सीटों वर वोटिंग बढ़े लेकिन इसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। उलटे इस बार वोटिंग पर्सेंट घट गया है। गाजियाबाद में इस बार 6 फीसदी कम यानी केवल 49.88 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई जो कि 2019 में 55.88 फीसदी थी। इसतके अलावा गौतम बुद्ध नगर में 2019 के 60.4 फीसदी की तुलना में 53.63 फीसदी वोटिंग ही दर्ज की गई। 26 अप्रैल को बेंगलुरु सेंट्रल और बेंगलुरु साउथ सीट पर भी वोटिंग करवाई गई थी। यहां क्रमशः 54.06 और 53.27 पर्सेंट ही वोटिंग हुई। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में चुनाव आयोग के सूत्रों के हवाले से कहा गया है।

# दादा-दादी 70 साल की उम्र में पीयेंगे पोलियो ड्रॉप, हज पर जाने से पहले टीके भी लगेंगे

**हल्दवानी, एजेंसी।** दो बूंद जिंदगी की। ये स्लोगन सुनते ही एक मासूम से बच्चे की पोलियो ड्रॉप पीती तस्वीर जहन में आती है, लेकिन हल्द्वानी में हज जाने से पहले 70 साल के दादा-दादी को भी ये ड्रॉप पिलाई जाएगी। 12 मई को ड्रॉप पिलाने के साथ ही टीके भी लगाए जाने हैं। दरअसल, सऊदी अरब ने हज यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए इस प्रमाणपत्र को अनिवार्य किया है। बड़े सामूहिक समारोह में पोलियो फैलने के खतरे से बचने के लिए सऊदी अरब ये सख्ती करता है। हर साल, दुनिया भर से लाखों मुसलमान हज के लिए मक्का में एकत्र होते हैं। सभी वयस्क, सक्षम मुसलमान जीवन में कम से कम एक बार हज करना चाहते हैं। हज यात्रा एक कठिन यात्रा है। इसके लिए गर्म मौसम में लंबा सफर यात्रियों को तय करना पड़ता है। इसलिए इस यात्रा पर शारीरिक रूप से अनफिट और पहले से मौजूद चिकित्सा संबंधी समस्याओं वाले




लोगों को अनुमति नहीं मिलती। यात्रा की शुरुआत में ही पूरी तरह सेहतमंद होने का मेडिकल सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होता है। जिसमें यह लिखा होता है कि हज के लिए आए व्यक्ति को पोलियो ड्रॉप पिलाने के साथ ही उसे मेनिनजाइटिस और सीजनल इन्फ्लूएंजा की वैक्सीन लगाई गई है।

**किदवई नगर में पिलाई जाएगी ड्रॉप :** जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि सभी हज यात्रियों की 12 मई को किदवई नगर स्थित मदरसा इस्तुलहक में मेडिकल जांच होगी। वहीं पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी और वैक्सीनेशन किया जाएगा।

उत्तराखंड राज्य हज समिति के पूर्व सदस्य व हज ट्रेनर जमीर अहमद ने बताया कि मक्का मदीना में कई देशों के मुस्लिम आते हैं। ऐसे में किसी देश के हज यात्री को अगर कोई बीमारी है तो वह दूसरे पर नहीं फैले इसके लिए पोलियो समेत अन्य टीकाकरण कराने के बाद उसका सर्टिफिकेट भी ले जाना अनिवार्य होता है।

**कुमाऊं से 210 जाएंगे हज :** हज के लिए कुमाऊं से करीब 210 लोगों को मक्का मदीना भेजा जाना है। जिसमें हल्द्वानी से करीब 173 लोग शामिल हैं। हज जाने वालों में 26 साल से लेकर 81 साल तक के लोग शामिल हैं। जाने से पहले इन यात्रियों की मेडिकल जांच की तैयारी हो गई है।

**40 दिन सऊदी अरब में रहना होता है :** हज के लिए मक्का-मदीना जाने वाले यात्री को करीब 40 दिन सऊदी अरब में रहना होता है। गर्मी के महीने जुलाई में होने के कारण ये यात्रा और कठिन हो जाती है। इसमें संक्रमण फैलने का खतरा भी अधिक रहता है।

## अब 400 पार की? बात नहीं कर रही भाजपा, दो चरणों के मतदान के बाद क्यों डर रहे हैं मोदी: कांग्रेस

**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस कमेटी के सदस्य गुरदीप सप्पल ने आज पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार डरी हुई सरकार है यह सरकार जल्द ही जाने वाली है। मोदी जी जो खुद डरे है, कांग्रेस को उल्टा सलाह दे रहे है कि डरो मत। अब मोदी जी की अबकी बार 400 पार बोल कर दिखाने की हिम्मत नही हो रही।

**कश्मीर के चुनाव से बीजेपी क्यों भाग रही है :** उन्होंने कहा कि मोदी इस बात का जवाब दे कि कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव से क्यों भाग खड़ी हुई। तीन सीटें है कश्मीर में, लेकिन बीजेपी एक भी सीट पर चुनाव लडने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही। उन्होंने कहा ये वो कश्मीर है जिस कश्मीर पॉलिसी को लेकर मोदी अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानते है। उन्होंने आगे कहा पीएम मोदी डरिये मत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। आप जाइए वहां से चुनाव लड़िए आप चार सौ पार की बात करते है फिर क्यों कश्मीर की तीन सीटों को जाने दे रहे हैं।

**मोदी सरकार में लोगों को चुभ रही महंगाई :** मोदी सरकार में महंगाई लोगों को चुभ रही है। पढ़ाई, दवाई, रोजमर्रा की



जरूरतों को पूरी करने के लिए लोग अपनी बचत का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा मोदी जी मंगलसूत्र की बात करते है पिछले पांच वर्षों में गोल्ड लोन लगभग पांच प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने देश को इस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां महिलाएं अपने जेवर, मंगलसूत्र गिरवी रखकर अपने घर,बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठा रही हैं।

**महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को देंगे सालाना एक लाख रूपये :** गुरदीप सप्पल ने कहा अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो हम सबसे पहले महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देंगे। ताकि महिलाएं अपनी बचत काट कर अपनी जरूरतों को पूरा ना करना पड़े। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने जो मंगलसूत्र गिरवी रखवा दिए उनको भी महिलाएं छुड़ाकर वापस ले आएं। महिलाओं की बेसिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार महिलाओं को साल में एक लाख रुपए महीने के लगभग साढ़े आठ हजार रुपए हर साल देगी।

**पहली नौकरी गारंटी के अंतर्गत युवाओं को देंगे ट्रेनिंग, जीएसटी 2.0 लायेंगे :** रोजगार के मुद्दे को लेकर गुरदीप सप्पल ने कहा कांग्रेस पार्टी पच्चीस साल से कम के युवाओं को जिन्होंने ग्रेजुएशन या डिप्लोमा किया है। उनको कांग्रेस पार्टी द्वारा एक साल के लिए पहली नौकरी गारंटी के अंतर्गत ट्रेनिंग दी जाएगी और सालाना एक लाख रूपये सैलरी दी जाएगी। जिससे ट्रेनिंग के बाद उनके आगे का स्तर सुधरेगा इससे कंपनियों और युवाओं दोनो को फायदा होगा। उन्होंने कहा इस जीएसटी को खत्म कर के हम फिर से जीएसटी 2.0 लायेंगे ताकि टैक्स तो बढ़े लेकिन उसके साथ-साथ रोजगार,व्यापार भी बढ़े।

## राहुल गांधी के लिए आसान नहीं रायबरेली की भी लड़ाई

**रायबरेली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बीते चुनाव में अमेठी में हराने के बाद भाजपा अब उनके नए चुनाव क्षेत्र रायबरेली में घेरने में जुट गई है। भाजपा ने यहां से स्थानीय नेता और पूर्व में कांग्रेस में रह चुके राज्य सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को उतारा है। अभी तक यहां जातीय समीकरण ज्यादा प्रभावी नहीं रहे हैं, लेकिन इस बार राहुल गांधी को घेरने के लिए भाजपा इन पर भी ज्यादा जोर दे रही है। कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले रायबरेली में पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की जगह इस बार राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतरे हैं। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने राहुल के खिलाफ स्थानीय उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को उतारा था, जो सोनिया गांधी से हार गए थे, लेकिन उन्होंने सोनिया गांधी की 2014 की जीत का अंतर आधा कर दिया था। इसके बाद भाजपा ने उनको उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया।

**कई प्रमुख कांग्रेस नेता अब भाजपा के साथ :** दिनेश प्रताप सिंह के निर्वाचित एमएलसी होने से ग्राम प्रधानों में अच्छी पकड़ है। इसके अलावा बीते वर्षों में रायबरेली के कई प्रमुख कांग्रेस नेता अब भाजपा के साथ हैं। यहां के प्रमुख कांग्रेस नेता रहे अखिलेश कुमार सिंह की बेटी अदिति सिंह अब रायबरेली से भाजपा की विधायक हैं। रायबरेली में पांच विधानसभा क्षेत्र बछरांवा, हरचंदपुर, रायबरेली, सरेनी और ऊंचाहार हैं।



इनमें रायबरेली को छोड़कर चार पर सपा विधायक जीते थे। इनमें से एक ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडे ने राज्यसभा चुनावों को लेकर सपा के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया था। वह भाजपा के करीब हैं। उनके भाई व बेटे भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

ओबीसी समुदाय का साथ मिलने की आस अभी तक लोकसभा चुनावों में गांधी परिवार को सामाजिक समीकरणों से परे वोट मिले हैं, लेकिन इस बार भाजपा राहुल गांधी को घेरने के लिए इन समीकरणों पर काम कर रही है। भाजपा का मानना है कि अन्य समुदायों के साथ ओबीसी समुदाय का बड़ा हिस्सा भी उसके साथ होगा। भाजपा चुनाव प्रचार के मैदान में राहुल गांधी पर अमेठी में हार और उसे छोड़ने का ठप्पा भी लगा रही है। इसके अलावा राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली में किसे अपने पास रखेंगे, इसे भी मुद्दा बनाया जा रहा है।

# नए सेना प्रमुख की नियुक्ति के लिए मोदी सरकार लागू करेगी जनरल विपिन रावत फार्मूला! अतीत से ले सकती है सबक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को जल्द ही नए सेना प्रमुख की नियुक्ति करनी है। माना जा रहा है कि मोदी सरकार अतीत के फैसलों से सबक लेते हुए, अब एक बार फिर जनरल विपिन रावत फार्मूला को लागू कर सकती है। इस बात को लेकर सेना भवन में चर्चा भी गरम है। असल में सरकार ने जनरल बिपिन रावत को आउट ऑफ़ टर्न सेना प्रमुख बनाया था। हालांकि सेना के अफसरों ने इसका विरोध किया था। लेकिन जनरल विपिन रावत ने जो शानदार काम किया और जो नतीजे दिए, उसको देखते हुए अब एक बार फिर मोदी सरकार जनरल विपित्र रावत के फार्मूले को लागू कर सकती है।

दरअसल सरकार ने अतीत में वरिष्ठता सूची को तवज्जो देते हुए सेना प्रमुख की नियुक्ति की थी। लेकिन सेना प्रमुख वह परिणाम नहीं दे सके और उस दौरान सेना को लेकर कई विवाद भी हुए थे।

जनरल विपिन रावत को वरिष्ठता सूची को दरकिनार कर सेना प्रमुख के पद पर नियुक्त किया था। हालांकि बाद में मोदी सरकार ने दबाव को देखते हुए और सेना की बात को मानते हुए एक के बाद एक दो सेना प्रमुख सेना के वरिष्ठता के फ़ार्मूले के आधार पर बनाया था। इनमें पहले जनरल एम एम नरवने और फिर जनरल मनोज पांडे को बनाया गया। इन दोनों का कार्यकाल बिना किसी उपलब्धि के ख़त्म हो गया





और मोदी सरकार को दोनों ही जनरल कोई बड़े रिजल्ट नहीं दे सके। यहां तक पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवने ने तो सरकार की अग्निवीर योजना पर ही सवाल खड़े कर दिए। वहीं जनरल मनोज पांडे ने भी अग्निवीर नीति को लेकर बहुत अच्छा काम नहीं किया। जबकि अग्निवीर योजना मोदी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट रही है।

वहीं अब एक बार फिर मोदी सरकार को अगला सेना प्रमुख चुनना है। लेकिन माना जा रहा है कि सरकार एक बार फिर जनरल विपिन रावत वाले फार्मूले को लागू करने पर विचार कर रही है। अगर वरिष्ठता क्रम की बात करें तो जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इस मामले में सबसे आगे हैं। पर सेना के उत्तरी कमान के प्रमुख होने के नाते उनका कार्यकाल बहुत उल्लेखनीय नहीं रहा और वह सरकार की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। सेना भवन में इस बात को लेकर चर्चा चल रही है कि सरकार वरिष्ठता क्रम को दरकिनार कर फिर से किसी काबिल और रिजल्ट देने वाले अफसर को सेना की कमान दे सकती है। असल में देश की सीमा पर अभी चारों ओर से खतरा बढ़ा है और सरकार किसी तेजतर्रार माने जाने वाले अफसर को सेना प्रमुख बना सकती है।

इस मामले में वरिष्ठ पत्रकार दीपक उपाध्याय कहते हैं कि मोदी सरकार को सेना प्रमुख जैसे अहम पद के लिए कठोर फैसले लेने होंगे। सरकार जनरल विपिन रावत मामले में इस तरह का फैसला लेचुकी है और इसके रिजल्ट भी पूरे देश ने देखें। वर्तमान में देश की सीमा पर अभी खतरा बढ़ा है। पाकिस्तान में सेना समर्थित सरकार है और चीन की सीमा पर लगातार चुनौतियां देखी जा रही हैं। लिहाजा सरकार को भी वरिष्ठता दरकिनार कर ऐसे अफसर को नियुक्त करना चाहिए जो रिजल्ट दे सके और मौजूदा चुनौतियों में दुश्मन मुल्कों को परास्त करने के साथ ही सेना के मनोबल को भी बढ़ाए।

# बृजेश, आर्यन समेत 7 भारतीयों ने फाइनल में प्रवेश किया



**अस्ताना (कजाकिस्तान), एजेंसी।** बृजेश टम्टा और आर्यन ने पांच अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ शुक्रवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में युवा पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

भारत के लिए शुरुआत करते हुए, बृजेश ने 48 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के तालाइबेक इसूर को 5-0 के ठोस स्कोर के साथ हराया। इसके बाद, राहुल कुंडू (75 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) ने समान सर्वसम्मत निर्णयों के साथ चीन के कांजी बेई एर्सी और किर्गिस्तान के अलीबेव टाइनिस्तान को पछाड़ दिया। दूसरी ओर, सागर जाखड़ (60 किग्रा) ने अंतिम दौर में किर्गिस्तान के सादिरोव दिलेरबेक पर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के लिए मजबूर किया। आर्यन (51 किग्रा), यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) और प्रियांशु (71 किग्रा) ने विभाजित निर्णय के साथ भारत की जीत की लय को आगे बढ़ाया। इस बीच, सुमित (67 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) ने कजाकिस्तान के सबिरखान तोरेखन और किर्गिस्तान के जाकिरोव मुखमदाजिज के खिलाफ 0-5 से हारने के बाद कांस्य पदक के साथ समापन किया। भारतीय युवा दल ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में महिला वर्ग में 12 सहित 22 पदक हासिल किए हैं।

बाद में शुक्रवार की रात, लक्ष्य राठी (92+ किग्रा) और मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) 10 अन्य भारतीय युवा मुक्केबाजों के साथ फाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे। गुरुवार रात ध्रुव सिंह (80 किग्रा), गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) ने अंडर-22 वर्ग के अंतिम-चार चरण में अपनी जगह बना ली। शनिवार को ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रीति (54 किग्रा) और मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) 17 अन्य मुक्केबाजों के साथ अंडर-22 सेमीफाइनल में भारत की कमान संभालेंगे।

मुस्कान (75 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) को उनके संबंधित अंडर-22 सेमीफाइनल में बाई मिली है। यूथ और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः सोमवार और मंगलवार को खेले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शरणार्थी ओलम्पिक

## शरणार्थी ओलम्पिक टीम पेरिस से भेजेगी अमन का संदेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शरणार्थी ओलम्पिक टीम में कुल 36 खिलाड़ी होंगे, जिनके नामों की घोषणा, अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने गुरुवार को स्विट्जरलैंड के लौसाने में एक समारोह के दौरान की। ये 36 खिलाड़ी 11 देशों से होंगे और 12 खेलों में शिरकत करेंगे।

अफगानिस्तान की पहली महिला ब्रेकडांसर, कैमरून में पैदा हुए एक ब्रिटिश बॉक्सिंग चैम्पियन और वेनेज़ुएला के एक अचूक निशानेबाज शरणार्थी ओलम्पिक टीम के उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो जुलाई में होने वाले पेरिस खेलों में शिरकत करने वाले हैं। शरणार्थी ओलम्पिक टीम में कुल 36 खिलाड़ी होंगे, जिनके नामों की घोषणा, अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने गुरुवार को स्विट्जरलैंड के लौसाने में एक समारोह के दौरान की। ये 36 खिलाड़ी 11 देशों से होंगे और 12 खेलों में शिरकत करेंगे।

समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने कहा कि आप इन खेलों में शिरकत करके लचीलेपन और उत्कृष्टता में इंसान की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। इससे दुनिया भर में विस्थापित लगभग 10 करोड़ लोगों को आशा एक संदेश जाएगा। इसके साथ ही आप दुनिया भर में अरबों लोगों को शरणार्थी संकट की विशालता के स्तर के बारे में जागरूक बनाएंगे।

इस शरणार्थी टीम की संरचना को ओलम्पिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने मंजूरी दी है, जिसके लिए एक चयन प्रक्रिया का सहारा लिया गया।

### पाकिस्तानी टीम के अंदर कुछ तनाव था

## आर्मी कैंप खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए था: राशिद लतीफ़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ सीनियर पुरुष टीम को सेना शिविर में प्रशिक्षण के लिए भेजने के पीछे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच के समर्थन में सामने आए हैं। पीसीबी ने ज्ञ20 विश्व कप 2024 से पहले पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षण के लिए एक अनूठा तरीका अपनाया था। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम ने काकुल में आर्मी स्कूल ऑफ फिजिकल ट्रेनिंग में प्रशिक्षण लिया।

2023 में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान टीम के फिटनेस मानकों के बारे में पीसीबी में शिकायतें उठाए जाने के बाद पाकिस्तान टीम को कठिन प्रशिक्षण सत्र से गुजरना पड़ा। इसे नेटिज़न्स से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लोगों ने इसका मज़ाक उड़ाया। हालांकि राशिद लतीफ ने पीसीबी के इस कदम की सराहना की।

पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने बातचीत में कहा कि देखिए टीम की हालत बहुत अच्छी नहीं लग रही थीज्टीम के अंदर थोड़ा तनाव दिख रहा था, उन्हें सेना के एक प्रशिक्षण शिविर में एक साथ रहने का मौका मिला। लाहौर या कराची में कोई कैंप होता तो सब मोबाइल पर रहते. जब दिन खत्म हो जाता था, तो वे अपने कमरे में चले जाते थे, अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते थे और सुबह फिर आ जाते थे।

अब कोई मोबाइल फोन नहीं था, कोई ध्यान भटकाने वाला नहीं था और सभी को सेना के प्रशिक्षण में एक साथ रहना पड़ता था, जिससे खिलाड़ियों के बीच संबंध बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं इस बात से सहमत हूं कि क्रिकेट-विशिष्ट प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### आईपीएल 2024

## मुंबई प्लेऑफ रेस से बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में 51 मैच खत्म हो चुके हैं। शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 24 रन से हराया। इसी के साथ मुंबई 17वें सीजन के प्लेऑफ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी, टीम 9वें नंबर पर है। वहीं कोलकाता ने दूसरे नंबर पर अपनी सिचुएशन स्ट्रॉन्ग कर ली। शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 169 रन बनाए। मुंबई 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



## हार्दिक ने की बुमराह के साथ की बदसलूकी



**मुंबई, एजेंसी।** हार्दिक पंड्या आए दिन अपने व्यवहार की वजह से चर्चा में रहते हैं। आईपीएल 2024 की शुरुआत में रोहित शर्मा की फील्ड प्लेसमेंट वह लगातार बदल रहे थे। रोहित को लगातार यहां से वहां भागना पड़ता था। पिछले सीजन में गुजरात टाइंटस की कप्तानी के दौरान हार्दिक ने कैच छोड़ने पर मोहम्मद शमी को बुरा भला कहा था। माहौल इतना गर्म हो गया था कि फ्रेंचाइजी मालिकों को बीच में आना पड़ा था। वह जसप्रीत बुमराह पर हार्दिक पंड्या ने चिल्ला दिया है।

### बुमराह पर चिल्लाने लगे हार्दिक

हार्दिक पंड्या कप्तानी मिलने के बाद से अलग ही टशन में हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान वह मुंबई इंडियंस के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर चिल्लाने लगे। हार्दिक उस समय बॉलिंग कर रहे थे। सर्कल में फील्डिंग कर रहे बुमराह को हार्दिक ने पीछे जाने को कहा। बुमराह जा ही रहे थे कि हार्दिक ने जल्दी जाने के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया।

### बुमराह के चेहरे पर दिखी निराशा

जब हार्दिक पंड्या ने जसप्रीत बुमराह पर चिल्लाया तो उनका चेहरा देखने लायक था। बुमराह पूरी तरह निराश दिख रहे थे। बुमराह मुस्कुराते हुए दूसरी तरफ देखने लगे। यह घटना कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 17वें ओवर में हुई थी। उस ओवर में हार्दिक पंड्या की जमकर धुनाई भी हुई। उन्हें छक्के पड़े। चार ओवर के स्पेल में 44 रन पड़े और दो बल्लेबाजों को आउट किया।

### मुंबई की लगातार चौथी हार

मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में लगातार चौथा मैच हार गई है। हार्दिक की टीम ने लगातार 3 हार के साथ लीग की शुरुआत भी की थी। केकेआर के खिलाफ मैच में हार्दिक की कप्तानी पर भी सवाल उठे। 57 रन पर 5 विकेट गिरने के बाद भी उन्होंने जसप्रीत बुमराह को बॉलिंग नहीं दी। बुमराह के 3 ओवर बचे थे। वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे को सेट होने का मौका मिल गया। इससे केकेआर की टीम मुश्किल विकेट पर 169 रन बनाने में सफल रही।

## 35 साल के पीयूष ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 51वें मैच में भले ही मुंबई इंडियंस को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन ये टीम उनकी टीम के एक गेंदबाज के लिए काफी खास रहा।

ये खिलाड़ी आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला दूसरा गेंदबाज बन गया है। इस गेंदबाज ने ड्वेन ब्रावो को सबसे ज्यादा आईपीएल विकेट लेने के मामले में पछाड़ दिया है।

### 35 साल के खिलाड़ी ने रचा इतिहास

मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले पीयूष चावला आईपीएल के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया है। पीयूष चावला ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में रिंकू सिंह के रूप में अपना एकमात्र विकेट हासिल किया। इसी के साथ उन्होंने आईपीएल में 184 विकेट पूरे कर लिए। वह अब सिर्फ युजवेंद्र चहल से पीछे हैं। युजवेंद्र चहल 200 विकेट के साथ इस लिस्ट में सबसे आगे हैं।

### टॉप-5 में नारायण की भी हुई एंट्री

कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज सुनील नारायण भी सबसे ज्यादा आईपीएल विकेट लेने के मामले में पांचवें नंबर पर आ गए हैं। सुनील नारायण ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में 2 विकेट अपने नाम किए।

इसी के साथ आईपीएल में उनके 176 विकेट हो गए हैं। उन्होंने अमित मिश्रा को पीछे छोड़ा है। अमित मिश्रा के नाम आईपीएल में 174 विकेट दर्ज हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

युजवेंद्र चहल - 200 विकेट
पीयूष चावला - 184 विकेट
ड्वेन ब्रावो - 183 विकेट
भुवनेश्वर कुमार - 178 विकेट
सुनील नारायण - 176 विकेट

## मैं एक स्मार्ट क्रिकेटर बनने की कोशिश करता हूं : वेंकटेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता ने जब पावरप्ले में तीन विकेट गंवा दिए थे तो उनके एक छोर संभालकर वेंकटेश अय्यर ने 70 रन बनाए और टीम को 169 रन तक पहुंचा दिया। यह स्कोर मुंबई हासिल नहीं कर पाई और 145 रन ऑल आऊट होने के साथ ही उन्होंने 24 रन से यह मुकाबला गंवा दिया। अपनी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने वेंकटेश अय्यर ने कहा कि एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में, मुझे स्थिति के मामले में लचीला होना होगा। जब मैंने गेंद को अच्छे से हिट करना शुरू किया तो 2 और विकेट गिर गए और मैंने सोचा कि मुझे एंकर की भूमिका निभानी होगी। यह चौथी या 5वीं बार है जब मनीष ने पैड अप किया है। इस बार उन्हें बैटिंग करने का मौका मिला। रसेल और रमनदीप को ऊपर भेजने से बेहतर है कि मनीष को रखा जाए जो एंकर की भूमिका निभा सके। विकेट पर बात करते हुए वेंकटेश ने कहा कि गेंद पकड़ में थी और यह दो गति वाला विकेट था।

### सिंधू से तीसरे मेडल की उम्मीद

## भारत के 7 बैडमिंटन खिलाड़ियों को ओलिंपिक टिकट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु, पूर्व वर्ल्ड नंबर वन एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सिंगल्स इवेंट के लिए अपनी जगह पक्की की है। वहीं मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी और विमेंस डबल्स में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल हुए हैं।



### ओलिंपिक के लिए क्वालिफाइंग के लिए क्या नियम थे

ओलिंपिक में बैडमिंटन के टॉप 16 खिलाड़ी भाग लेते हैं। साथ ही एक देश से एक इवेंट में दो खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। जुलाई में होने वाले पेरिस ओलिंपिक के लिए 30 अप्रैल तक की रैंकिंग को निर्धारित किया गया था। इसके के आधार पर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल हुए हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों की क्या रही रैंकिंग

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन और ओलिंपिक की सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडलिस्ट पीवी सिंधू 30 अप्रैल को जारी रैंकिंग में 14वें स्थान पर थी। हालांकि चीन की चार खिलाड़ी उनसे ऊपर रैंकिंग में थी और ओलिंपिक में एक देश से 2 खिलाड़ी ही भाग ले सकती हैं, ऐसे में सिंधू की रैंकिंग 12 हो गई। जबकि पुरुष सिंगल्स में प्रणय 9 वें और और लक्ष्य 13वें स्थान पर रहे। जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की डबल्स जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। वहीं विमेंस डबल्स की जारी रैंकिंग में तनीषा और अश्विनि पोनप्पा की रैंकिंग 21वीं थीं।

## टीम इंडिया को तगड़ा झटका... टेस्ट में गंवाया नंबर-1 का ताज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा रैंकिंग में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है. शुक्रवार को जारी सालाना रैंकिंग अपडेट में भारत ने वनडे और टी20 फॉर्मेट में पहला स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट रैंकिंग में वह दूसरे पायदान पर खिसक गई. सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिए गए हैं.

नई रैंकिंग में मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी सीरीज शामिल हैं. भारत मुख्यतः 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में मिली 2-1 की जीत के नतीजे हटाए जाने से टेस्ट में दूसरे स्थान पर खिसका. अब टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पछाड़ टॉप पर आ गई है. देखा जाए तो भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है, जबकि तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंडसे 15 अंक आगे है. साउथ अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है. अब केवल 9 टीम ही टेस्ट रैंकिंग में शामिल हैं क्योंकि



अफगानिस्तान और आयरलैंड रैंकिंग में शामिल होने के लिए जरूरी टेस्ट नहीं खेलते हैं, जबकि जिम्बब्वे ने पिछले तीन सालों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं.

किसी टीम को रैंकिंग लिस्ट में शामिल होने के लिए तीन साल में न्यूनतम आठ टेस्ट खेलने होते हैं. हालांकि सालाना अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20 रैंकिंग में टॉप पर कायम है. इसमें मई 2023 से पहले पूरे हुए मैच के 50 प्रतिशत और इसके बाद के मैच के सौ फीसदी अंक शामिल हैं. भारत भले ही ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हार गया हो, लेकिन उसने उस पर बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक की कर ली है. भारत के 122 अंक हैं.

टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है. तीसरे स्थान पर काबिज साउथ ने ऑस्ट्रेलिया से अंतर कम किया है, जो 8 से अब 4 अंक का रह गया है. टी20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, लेकिन 264 रेटिंग अंक हासिल करने वाली भारतीय टीम से 7 अंक पीछे है. साउथ अफ्रीका की टीम इंग्लैंड से दो अंक पीछे चौथे स्थान पर है. न्यूजीलैंड के भी साउथ अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन दशमलव की गणना में उससे पीछे है. वेस्टइंडीज के 249 अंक हैं.

# पन्ना टाईगर रिजर्व संचालक सहित 15 वन अधिकारियों के विरुद्ध उच्च न्यायालय में याचिका स्वीकृत, मांगा जवाब



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व की डायरेक्टर श्रीमती अंजना तिर्की (आई.एफ.एस.) एवं श्री मोहित सूद (आई एफ.एस.) सहित 13 रेंजर्स एव विप्टी रेंजरो के द्वारा एंव चालीस अन्य वन कर्मियो के साथ दिनांक 04.04.2024 को वियर पैली कैम्प का सर्च वारन्ट जारी करते हुये संचालक श्री सलील दलवी को जबरजस्ती अपहरण कर ले गये थे रास्ते में उनका मोवाईल छीन लिया पत्नि से बात नहीं करने दी साथ ही 06 घण्टे तक जंगलों में घुमाने के बाद तालगांव रेस्ट हाउस के अधेरे कमरे में बन्द कर प्रताड़ित किया था. जिस सम्बन्ध में वियर वैली के संचालक की पत्नि ने पन्ना एसपी से मोबाईल पर चर्चा कर वाट्सऐप के माध्यम से अवगत कराया, पन्ना एसपी मुख्य वन संरक्षक फोरेस्ट कोर्स भोपाल (हाफ) भोपाल की पहल पर संचालक टाईगर रिजर्व पन्ना श्रीमती अंजना तिर्की ने बड़ी मुश्किल से अपघारण से नाटकीय तरीके से मुक्त किया, उक्त मामले को जिले के तथा प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों में खबर प्रमुखता से दिनाक 08.04.2024 को प्रकाशित किया गया था. तब उस खबर से विचलित होकर श्रीमाती अंजना तिर्की ने कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1284 दिनांक 08.04.2024 को भोपाल से प्रकाशित दैनिक भास्कर पन्ना टाईगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ अपरहरण की शिकायत को झूठा बताते हुये खण्डन जारी कराने का अनुरोध जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला पन्ना से किया था. जिसमें वन अपराध प्रकरण क्रमांक 067/2024 दिनांक 29.03.2024 पंजीकृत करने की जानकारी दी थी, जबकि दिनांक 04.04.2024 की जारी वर्ष जप्तीनामा में पंजीकृत अपराध लिखा गया था. यदि दिनांक 04.04.2024 के पहले वन अपराध किया था तब सर्च वारेन्ट में भी उक्त अपराध का उल्लेख करना आवश्यक था, जिसमें अपराध क्रमांक शुन्य लिखा गया था, जिसको कोर्ट ने गम्भीर अपराध व पद का दुरुपयोग मानते हुये कड़ी फटकार लगाई, है साथ ही वियर वेली के संचालक की पत्नि के पन्ना एस.पी एव वरिष्ट अधिकारियो के आधार मानकर यह भी कहा कि आप लोगों ने उनकी पत्नि के वाट्सऐप पढ़े है. वियर वेली के संचालक श्री सलील दलवी की पत्नि छोटे-छोटे बच्ची पर उक्त आठ घण्टे में क्या व्यतीत हुआ होगा, कितनी मानसिक प्रताडना हुई होगी, इसका अन्दाजा लगाया जा सकता है , आप लोगो ने मानवियता की हद कर दी आपका मामला गम्भीर पद का दुरुपयोग है, अपहरण कर पूछताछ करने का अधिकार आपको किसने दिये, इसके साथ ही पूरे प्रकरण में दिनांक 13.05.2004 तक न्यायालय में जबाब मांगा गया है।

उक्त प्रकरण में अपर मुख्य सचिव गृह भोपाल अपर मुख्य सचिव वन भोपाल संचालक वन्य प्राणी भोपाल, मुख्य वन सरंक्षक फोरेस्ट फोर्स भोपाल, एस.पी पन्ना एवं थाना प्रभारी अजयगढ़ से 13.06.2004 तक जबाब मांगा है, तत्सम्बन्ध में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ ने प्रकरण की गम्भीरता को समझते हुये कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है. वियर मैली के संचालक एंप उनकी पत्नि के बयान दर्ज हो चुके है. साथ ही सम्बन्धित वन अधिकारियों को भी बयान दर्ज करने हेतु बुलावा भेजा है. सभी के मोबाईल पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ कार्यालय में जाकर बयान दर्ज करने हेतु कहा गया है, लेकिन संचालक श्रीमती अंजना तिकी बयान देने को तैयार नहीं है, उनका कहना है. कि पहले आप नोटिस भिजवाये तब बयान देगे ।

## कलेक्टर ने दैनिक वेतन भोगियों की नई दरें की निर्धारित

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने श्रमायुक्त म.प्र. शासन इंदौर के आदेश के परिपालन में पन्ना जिले के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक की अवधि के लिए दैनिक वेतन की नई दरें निर्धारित की हैं। इन दरों में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता भी सम्मिलित है। यह दरें मासिक, दैनिक तथा अंशकालिक एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं श्रमिकों पर लागू होंगी। अकुशल कर्मचारियों के लिये न्यूनतम मूल वेतन 9575 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2225 रूपये के साथ प्रतिमाह कुल 11800 रूपये निर्धारित किया गया है। अर्धकुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 10571 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2225 रूपये के साथ कुल वेतन 12796 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन 12294 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2225 रुपए के साथ प्रतिमाह कुल 14519 रूपये वेतन देय होगा। उच्च कुशल के लिये प्रतिमाह 13919 रूपये न्यूनतम मूल वेतन तथा 2225 रूपये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सहित कुल 16144 रूपये कुल वेतन देय होगा।

## खुले बोरवेल की दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शासन के निर्देशानुसार अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल व ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, समस्त जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में गत दिवस रीवा जिले में हुई दुर्घटना के परिप्रेक्ष्य में पुनः खुले एवं अनुपयोगी बोरवेल को सर्वे उपरांत ढंके जाने के निर्देश दिए गए थे। इसके परिपालन में ग्राम पंचायतों द्वारा सत्यापित संकलित जानकारी भी प्रेषित की गई है।

जिला कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र अंतर्गत शासकीय व निजी खुले/अनुपयोगी बोरवेल के संबंध में पुनः सत्यापन कर खुले पाए गए नलकूप की केसिंग के ऊपर स्टील प्लेट का कैप लगाकर कैप को नट बोल्ट से केसिंग में फिक्स कर व निर्धारित साइज के सीमेंट कॉक्रीट ब्लॉक बनाकर एवं कार्यस्थल के फोटोग्राफ सहित जनपद व नगरीय निकाय स्तर पर संधारित करने की कार्यवाही के लिए कहा गया है। साथ ही ऐसे शासकीय व निजी बोरवेल की अद्यतन सूची निर्धारित प्रारूप में संधारित कर प्रत्येक 6 माह में सूची अपडेट करने तथा जनपद व नगरीय निकाय स्तर पर समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री कुमार ने अवगत कराया है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर खुले बोरवेल की सूचना की शिकायत के संबंध में भी प्रावधान किया गया है। जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए जपं सीईओ व नगरीय क्षेत्र के लिए सीएमओ को एल-1 अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने ऐसी प्राप्त शिकायतों में निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से त्वरित कार्यवाही के लिए कहा है। इसके अलावा नवीन नलकूपों के खनन की मॉनीटरिंग के लिए एमपीएसईडीसी द्वारा विकसित परख पोर्टल पर नलकूप खनन करने वाले विभाग व एजेंसी एवं नलकूप खनन करने वाली मशीनों का पंजीयन कराया जाना भी अनिवार्य किया गया है। नवीन खनित अनुपयोगी पाए गए नलकूप जिनमें केसिंग नहीं डाली जाती है। उन नलकूपों को मिट्टी, रेत, मुरम इत्यादि से भूमि के सतह तक भरने की जवाबदेही संबंधित नलकूप खनन एजेंसी की होगी। इसी तरह पूर्व से खुले पड़े नलकूप व बोरवेल को मिट्टी, रेत, मुरम इत्यादि से भूमि की सतह तक भरने की जवाबदेही भूमि मालिक की होगी। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

## होप पाइप लाइन कंपनी द्वारा मनमाने ढंग से डाली जा रही पाइप लाइन

**पन्ना।** पन्ना जिले के गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत महेवा में होप पाइप लाइन कंपनी द्वारा पेयजल के लिये पाइप लाईन डाली जा रही है जिसमें एक मीटर तीन इंच पाइप लाईन डालने का प्रावधान था लेकिन कंपनी द्वारा स्वीकृत गहराई से कम खुदाई करके पाईप लाइन डाली जा रही है जिससे उक्त लाइन जल्द ही नष्ट हों सकती है स्थानीय लोगो ने जिला प्रशासन से संबंधित स्थान पर स्वीकृत अनुसार पाईप लाईन डालने की मांग की है।

## गेहूं खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर समीक्षा जैन एवं आलोक मार्को द्वारा गत गुरूवार को गेहूं खरीदी केन्द्र बृजपुर एवं सिलधरा का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से चर्चा कर जरूरी जानकारी ली। साथ ही केन्द्रों पर छाया, पेयजल जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। केन्द्र पर नियुक्त कर्मचारियों से वारदाना की उपलब्धता, परिवहन व भण्डारण, तौल कांटे, भुगतान की स्थिति इत्यादि की जानकारी लेकर जरूरी निर्देश भी दिए। जिले के 53 खरीदी केन्द्रों पर आगामी 20 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन कार्य होगा। शासन के निर्देशानुसार सभी खरीदी केन्द्रों पर अब शनिवार व रविवार अवकाश सहित सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक उपार्जन कार्य संचालित किया जा रहा है।

## पन्ना अमानगंज रोड पर भीषण सड़क हादसा में एक युवक की दर्दनाक मौत



**पन्ना।** जानकारी के अनुसार पन्ना निवासी सलिल मिश्रा उम्र 52 वर्ष अमानगंज से स्कूटी से पन्ना रहे थे गुणदलहा नालाके पास तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई श्री मिश्रा दबाव व्यवसाय काकार्य करते थे तथा सतना में रहते थे उनके पिता राम किशोर मिश्रा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हैं तथा बड़े भाई सौरव मिश्रा भी दबाबिबसाय से जुड़े हुए हैं एवं छोटे भाई सलभ मिश्रा पत्रकार हैं उक्त घटना से पन्ना नगर में शोक का माहौल छाया हुआ है श्री मिश्रा के निधन पर जिले के जनप्रतिनिधियों अधिकारियों पत्रकारों समाजसेवियों ने दुख व्यक्त करते हुए सोकाकुल परिवार को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की हैं

## शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

**पन्ना।** विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट होने पर उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में आमजनों का भी सहयोग जरूरी है। कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानि से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आम उपभोक्ता को पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, जिससे शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर या समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में सूचना अवश्य दें। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच आदि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। मानव जीवन अमूल्य है। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें। स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग न करें। उचित क्षमता के एम.सी.सी.बी, कट-आउट लगाने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग का ही उपयोग करें। वर्ष में एक बार अपने परिसर की वायरिंग, फिटिंग, अर्थिंग अनुभवी एवं दक्ष इलेक्ट्रीशियन से अवश्य जांच कराएं, ताकि शार्ट सर्किट की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## हथनी मोहनकली ने दो बच्चों को दिया जन्म



**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिर्जव में लगभग एक दर्जन हाथी ने जिसमें मादा हाथी मोहन कली ने दो बच्चो को जन्म दिया है जिससे टाईगर रिर्जव में खुशी का महोल है क्षेत्र संचालक उपसंचालक तथा अन्य स्टाफ ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि टाईगर रिर्जव लगातार वन्य जीवों से आबाद हो रहा है।

## करियर प्वाइंट कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं का सम्मान

### निरंतरता और कार्य के प्रति दृढ़ संकल्प से ही सपने किये जा सकते हैं साकार : संचालक



**पन्ना।** करियर प्वाइंट कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं जिनका परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाल ही में घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत व संचालक अभिषेक शुक्ला के श्रेष्ठ मार्गदर्शन द्वारा बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं में शिक्षा पटेल(94%)अंकों के साथ प्रथम स्थान, अजय पाल(91%)अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कृति पाठक (88%) अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही कक्षा 12वीं में पीयूष कुमार (86.2%) कृष्णा यादव (84.6%),अस्मित साहू (84.2%) ,अथर्व खरे (83%), मयंक यादव (82%)आदर्श गर्ग (82%) तथा आदित्य तिवारी 81त्न अंक अर्जित किये। साथ ही कक्षा दसवीं में कृष्णा रैकवार (90%) अंकों के साथ प्रथम स्थान, अनुराधा शंकर सिंह (88%) अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा अंशिका द्विवेदी 85.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। वही कक्षा 10 वीं में तनिष्का सोनी 84% तथा दीपाली गुप्ता ने 83% अंक अर्जित कर सफलता हासिल की।

छात्रों की इस उपलब्धि पर संचालक अभिषेक शुक्ला ने बच्चों को ट्रॉफी व ढेर सारे पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे पूरी साल एक सही रणनीति के साथ उन्होंने काम किया और बच्चों को अच्छे से अच्छे अंक हासिल करवाये। साथ ही बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## लीनेस क्लब ने किया मजदूर दिवस के अवसर पर निशुल्क प्याऊ जल सेवा का आयोजन



**पन्ना।** लीनेस क्लब पन्ना लगातार 6 वर्षों से नगर में समाज कल्याण का कार्य करते आ रहा है, क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करना है इस कदम को आगे बढ़ते हुए क्लब द्वारा मज़दूर दिवस के उपलक्ष में नि:शुल्क प्याऊ जल सेवा का आयोजन अस्पताल चौराहा स्थित ख्याति मेडिकल के सामने किया गया। इस भीषण गर्मी में राहगिरो को जल की सुविधा मिल सके इस दौरान क्लब की अध्यक्ष शिखा पांडे, सचिव शालिनी जायसवाल, कोषाध्यक्ष शशि वाला त्रिपाठी, चेयरपर्सन राखी पाटकर, कुमकुम राजे, मनीषा दीक्षित, अमिता तिवारी ,रचना पाटकर, अंजलि सिंह, सुनीता गुप्ता, माला जैन ,साधना पाटकर, श्वेता गुप्ता,अंजली गोस्वामी,मुदिता खरे जागृति राजपूत भारती खरे व अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## विक्रमपुर बीट में लगातार हो रही सगोन की अवैध कटाई



**पन्ना।** उत्तर वन मंडल अंतर्गत पन्ना रेंज के विक्रमपुर बीट में लगातार सगोन की अवैध कटाई का मामला सामने आया है बताया जाता है कि कक्ष क्रमांक 465 गधरा प्लांट टेशन के पास भारी मात्रा में बेशकीमती सगोन के पेडो की अवैध कटाई हुई है उक्त क्षेत्र में बीट प्रभारी लापरवाह बने हुयें है बीट प्रभारी को भी इस बात की जानकारी है लेकिन उसके बावजुद अवैध कटाई रोकने के प्रयास में नही किये गये है बताया जाता है कि बीट प्रभारी अरूण ज्योति भोमिक लगभग 3 वर्ष से इसी क्षेत्र में पदस्थ है स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले की जांच कराकर संबंधित बीट प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### इनका कहना है

संबंधित मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी

**अभिषेक दुबे**
**वनपरिक्षेत्राधिकारी पन्ना**

जो इस प्रकार के अरोप लगाये जा रहे वह सभी झूठे है किसी प्राकार की कोई भी कटाई नही हुई

**अरूण ज्योति भोमिक**
**बीट प्रभारी**

## ट्रैक्टर से डीजल चोरी के संदेह पर पीटकर युवक की हत्या

**सतना।** जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के भौतरा में युवक की हत्या डीजल चोरी के संदेह पर हुई थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए ईंट भट्ठा संचालक समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों में दो सगे भाई हैं। हालांकि एक आरोपित अभी गिरफ्त से बाहर है।

पुलिस के मुताबिक,रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम पडरिया कला से लापता युवक अंजनी कोल की लाश भौतरा में ईंट भट्ठा के पास मिलने के मामले का पर्दाफाश कर लिया गया है। अंजनी कोल की लाठी से पीट कर हत्या की गई थी और फिर शव को झाड़ियों के पास फेंक दिया गया था।

छोहन प्रजापति पिता साधुलाल प्रजापति उम्र 55 वर्ष ,शोभनाथ प्रजापति पिता रामखेलावन प्रजापति उम्र 30 वर्ष और महेंद्र प्रजापति पिता रामखेलावन प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी कटरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक आरोपित विष्णु प्रजापति पिता लाला प्रजापति निवासी कटरा अभी फरार है। टीआइ यूपी सिंह ने बताया कि जांच के दौरान संदेह के आधार पर छोहन और शोभनाथ प्रजापति को भी दायरे में लेकर पूछताछ की गई थी।

पूछताछ में छोहन ने बताया कि 28 अप्रैल की रात उसने अपना ट्रैक्टर शोभनाथ के ईंट भट्ठा में लोडिंग के लिए खड़ा किया था। ट्रैक्टर में डीजल भरा हुआ था लेकिन रात में डीजल चोरी हो गया। चोरी का संदेह अंजनी पर था इसलिए रात में उसे घर से बुला लाया गया और ईंट भट्ठा के पास उसकी पिटाई की गई। बाद में उसे छोड़ दिया गया लेकिन कटरा नदी के पास पहुंचने पर वह गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।

गौरतलब है कि अंजनी की मां ने छोहन और उसके साथियों को अंजनी को घर से अपने साथ ले जाते देख लिया था। बेटे के वापस न आने पर उसने पुलिस को छोहन वगैरह के बारे में जानकारी दी थी। छोहन ने पुलिस को रात के वक्त अंधेरे में खूब घुमाया और गुमराह किया था। अंजनी का शव नग्न हालत में झाड़ियों के बीच पड़ा पाया गया था।

## कक्षा-5 और 8 की पुन: परीक्षा के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किये निर्देश

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुन: परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुन: परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुन: परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

## अवैध रूप से गांजा का विक्रय करने वाले आरोपी को 04 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 31.03.2019 को निरीक्षक अरूण कुमार श्रीवास्तव ने थाना शाहनगर में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख किया कि दिनांक 31.03.2019 को समय 16:00 बजे जरिये मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि धरमपुरा मोहल्ला शाहनगर में अमान सिंह राठौर अपने घर एवं किराना दुकान में मादक पदार्थ गांजा की पुड़िया बनाकर बिक्री करता है संदेही अमान सिंह राठौर को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर मकान एवं दुकान की तलाशी लेने के दौरान कोई मादक पदार्थ व आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। संदेही अमान सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि मादक पदार्थ गांजा की छोटी छोटी पुड़िया किरना दुकान काउण्टर के पास तथा तीन पैकेट गांजा बेडरूम में छिपाकर रखा है। तदोपरान्त गवाहों के समक्ष हमराही पुलिस स्टाफ के संदेही अमान सिंह के किराना दुकान एवं सपूर्ण घर व बेडरूम की विधिवत् तलाशी ली गई तो किराना दुकान के काउण्टर के पास एक काले रंग की पॉलीथीन में 200 नग कागज की छोटी बडी पुड़ियों में भरा मादक पदार्थ गांजा तथा वही पर एक सफेद रंग के प्लास्टि के डिब्बा में मिट्टी की बनी हुई लाल रंग की पकी गांजा पीने की चिलम 60 नग एवं अमान सिह के मकान के उपर अटारी में बने बेडरूम के अंदर लोहे की पलंग पेटी के पीछे फर्स पर रखे तीन पैकेट, पॉलीथीन के अंदर भरा मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। संदेही अमान सिंह के कब्जे से कुल 09 किलो 110 ग्राम गांजा कीमती करीब 90,000५- रूपये एक प्लास्टिक के सफेद रंग के डिब्बा में भरी 60 नग चिलम व एक लोहे की तराजू कांटा वाली एक छोटी तराजू 100 ग्राम, एक किलो वजन का बांट, 500 ग्राम का एक बांट तथा एक बांट 200 ग्राम का तथा एक बांट पीतल का 10 ग्राम वजन का मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त किया गया, जप्तशुदा गांजा से पच्चीस-पच्चीस ग्राम के दो पैकेट सेम्पल तैयार किये जाकर दोनों सेम्पल का तथा शेष बचे 09 किलो 60 ग्राम गांजा को पृथक-पृथक शीलबंद कर कब्जे पुलिस लिया गया। जप्तशुदा गांजा एवं सेम्पल को सीलबंद करने का पंचनामा तैयार किया गया एवं संदेही अमान सिंह को गिरफ्तारी का कारण बताते हुए गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त अमान सिंह राठौर के विरूद्ध थाना शाहनगर में धारा 8५20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया, सुसंगत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त अमान सिंह राठौर के विरूद्ध धारा 8५20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत इस न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री सुनील कुमार द्विवेदी अपर लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी अमान सिंह को धारा-8५20(बी)(पप)(बी) एनडीपीएस एक्ट में 04 वर्ष का कठोर कारावास एवं 35000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 05 मई 2024



**रीवा मॉडल स्कूल में लगी भीषण आग से हुआ लाखों का नुकसान, दमकल के समय रहते समय पर पाया आग पर काबू। मॉडल स्कूल में लगी आग अतिक्रमणकारियों के द्वारा फेंके जा सकते है ज्वलनशील पदार्थ, लाखों का सामान जलकर हुआ राख।**



## नरवाई जलाने पर होगी कठोर कार्यवाही

रीवा

जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए जा चुके हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है। आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए उप संचालक कृषि को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं।

तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

## धूप और लू से बचाव की सलाह

**रीवा।** गर्मी के मौसम में आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी गई है। लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

## रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न

**रीवा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का शुभारंभ विशेष न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार ने किया।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिलीप महोर, एड. सौरभ, पार्थ सिंह, खुशी सिंह, रूबी, नीरज, अभिषेक श्रीवास्तव, सोनल गुप्ता, प्रिया मिश्रा, शिवानी पाण्डेय, अभिनय कुमार, महिमा सिंह, दिलजीत सिंह आदि लोगों ने रक्तदान किया। अधिवक्ता नीरज ने 19वीं बार रक्तदान किया। एनसीसी के कैडेट्स ने भी रक्तदान किया।

इस दौरान जिला न्यायालय परिसर श्री संतोष कुमार तिवारी जिला न्यायाधीश, श्री पन्ना नागेश न्यायिक मजिस्टेट प्रथम, श्री दिलीप मोहरे न्यायिक मजिस्टेट, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा, अधिवक्ता रफीक मनिहार, सुरेन्द्र सिंह, मंजूर अहमद मंसूरी,





आनंद पाण्डेय, आरती तिवारी, अनीश पाण्डेय, श्लेषा शुक्ला, अमर सिंह, अतुल द्विवेदी, भारतीय रेडक्रास सोसायटी से अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, सचिव डॉ. विनोद श्रीवास्तव, डॉ. एसके श्रीवास्तव, भारती शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, उपस्थित रहे।

## सेवा सहकारी समिति बड़ा गांव को ब्लैकलिस्टेड किया गया

रीवा

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए सेवा सहकारी समिति बड़ा गांव क्रमांक-2 बरौ, खरीदी स्थल रेवांचल वेयरहाउस को अधिकृत किया गया था। खरीदी कार्य में प्रयुक्त होने वाले बारदानों की किसान रावेन्द्र सिंह के घर में मिलने की सूचना के आधार पर निरीक्षण दल द्वारा संबंधित किसान से पूछतांछ की गयी जिस पर किसान के घर 1065 बोरियाँ एमपी एससी एससी की पायी गयीं तथा खरीदी केन्द्र में 5106 नग बोरियाँ कम मिली। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि बोरियों की तौल कराने पर प्रति बोरी औसतन 300 से 500 ग्राम गेंहू अधिक लिया जाना पाया गया। उक्त कृत्य में केन्द्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर की भूमिका थी दोनों ने आपसी मिली भगत कर मनमाने तरीके से स्वेछाचरिता पूर्वक शासन की उपार्जन नीति का उल्लंघन एवं घोर अनियमितता की। जिस पर समिति एवं कम्प्यूटर आपरेटर को ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है।

## रिश्वत में डिस्काउंट के लिए विधायक ने किया एसपी को फोन, फिर भी थानेदार ने लिए रुपये

**रीवा।** सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने सगरा थाना प्रभारी द्वारा रिश्वत में डिस्काउंट दिलाने के लिए पहले पुलिस अधीक्षक को फोन किया। इसके बाद डिस्काउंट में मिलने पर विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी न केवल दी गई बल्कि कार्रवाई की बात भी की गई है।

विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि सगरा थाना अंतर्गत मुडयारी एवं सथनी ग्राम पंचायत के आदिवासी परिवार को चोरी के फर्जी मामले पर फंसाने की धमकी





देकर रिश्वत की मांग थाने में पदस्थ उप निरीक्षक आर एस बागरी द्वारा की जा रही है। उपनिरीक्षक द्वारा 8000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह से मैंने फोन पर बात किया था साथ ही 3000 रुपये डिस्काउंट कराने आग्रह किया गया था। लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में फोन नहीं किया गया। हालांकि बातचीत के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मुझे आश्वासन दिया गया था। उनके द्वारा थाने में फोन न करने के कारण वहां पदस्थ उपनिरीक्षक बागड़ी द्वारा उक्त गांव के सुरेश कोल एवं मोहित कोल से रिश्वत के तौर पर 4000 रुपये वसूल कर लिया गया है।

विधायक अभय मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उक्त मामले की गंभीरता से जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। बताते चले कि अभय मिश्रा कांग्रेस पार्टी के कांग्रेस विधायक है जबकि उनकी पत्नी नीलम मिश्रा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी है।

## हत्या के प्रयास सहित कई मामले के 3 आरोपी को भेजा गया जेल

रीवा

शहर की सिविल लाइन पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया है। जेल भेजे गए तीन आरोपियों में से दो आरोपी हत्या के प्रयास मामले में फरार थे जबकि एक आरोपी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि हत्या के प्रयास मामले में एक दिन पूर्व ही पकड़े गये आरोपियों के मुख्य साथी लकी मेंटल को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तारी के बाद जेल भेजा था, जिसके बाद शुक्रवार को दूसरे दिन ही उसके दो अन्य साथी भी जेल भेजे गए हैं।

दरअसल यह कार्रवाई शहर की सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा की गई। कार्रवाई के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक जेल भेजे गए आरोपियों में अतुल त्रिपाठी, विकास शुक्ला व मनीष पटेल शामिल हैं। बताया गया कि अतुल व विकास पूर्व में हुई हत्या के प्रयास मामले में फराशी जबकि मनीष पटेल के पास से एक पि बरामद की गई है।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अंतर्गत प्रोजेक्ट एसोसिएट के पद पर विराट त्रिपाठी चयनित

**रीवा।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अंतर्गत प्रोजेक्ट एसोसिएट के पद पर विराट त्रिपाठी चयनित हुए। रीवा की माटी में जन्मे विराट के पिता वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी वा माता श्रीमती राखी त्रिपाठी आयुर्वेद चिकित्सालय रीवा में पदस्थ है। इनकी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 रीवा में हुई, वर्तमान में उदयपुर कृषि विश्विद्यालय से एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एमटेक फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहे है। पढ़ाई में शुरू से अब्बल रहने वाले विराट उक्त पद के लिए ऑल इंडिया



स्तर की परीक्षा में अब्बल स्थान प्राप्त कर उत्तर भारत से एक मात्र चयनित होने वाले है। जिनकी पदस्थापना शीघ्र ही देश के अहमदाबाद गुवाहाटी श्रीनगर देहरादून पुणे आदि अनुसंधान केदो में से एक में होगी। उल्लेखनीय हो कि विराट की बड़ी बहन ज्योति त्रिपाठी विदिशा में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद में पदस्थ है तथा शगुन त्रिपाठी बैंक आप महाराष्ट्र में इंजीनियर के पद में बांबे में पदस्थ है। विराट की इस उपलब्धि पर उनके नाना डाक्टर बीपी गर्ग, नानी, मामा मामी और परिवार जनों के साथ पारिवारिक शुभचिंतक राजेश शाहनी, सुनील अग्निहोत्री, राजेंद्र गहरबार, रमाकांत द्विवेदी, देवेंद्र सिंह, श्रीप्रकाश तोमर, रजनीश पांडेय, शुशील पांडेय, रहीम खान आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## रीवा रेलवे स्टेशन से मुम्बई, बांद्रा टर्मिनस के लिए एक और समर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो गया

**रीवा।** रीवा रेलवे स्टेशन से मुम्बई, बांद्रा टर्मिनस के लिए एक और समर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो गया। यह अनारक्षित ट्रेन गत गुरुवार को बांद्रा स्टेशन से चली और शुक्रवार को रीवा स्टेशन पर पौने 8 घंटे की देरी से पहुंची। ट्रेन को सुबह 7 बजे रीया स्टेशन पहुंचना था लेकिन वह दोपहर 2.45 बजे रीवा स्टेशन पर आई। बताते हैं कि इटारसी के पास ओएचई विद्युत लाइन में फाल्ट था, जिसके चलते ट्रेन भोपाल के रास्ते होकर आई, जिससे यह देरी हुई। बहरहाल, इस चक्कर में रीवा से वापस बांद्रा जाने वाली ट्रेन भी देरी का शिकार हो गई। रीवा स्टेशन से इस स्पेशल ट्रेन को दोपहर 11 बजे बांद्रा, मुम्बई के लिए रवाना होना था परंतु ट्रेन की रवानगी पौने 5 घंटे की देरी से दोपहर 3.46 बजे हो सकी। पहले दिन रीवा इस ट्रेन में करीब 275 से अधिक यात्री सवार हुए, जिनसे रेल प्रशासन को 1 लाख रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि इस समर स्पेशल ट्रेन में सफर करने यात्रियों को टिकट आरक्षित नहीं कराना होगा। क्योंकि ट्रेन के सभी 20 कोच सामान्य श्रेणी के हैं। अर्थात् अनारक्षित श्रेणी की ट्रेन में यात्री सामान्य टिकट लेकर यात्रा कर सकते हैं। विदित हो कि रीवा स्टेशन से अभी साप्ताहिक रीवा-मुम्बई ट्रेन चल रही है, जो प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 4 बजे रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन मुम्बई के रवाना होती है। इस ट्रेन के संचालन की

अवधि फिलहाल रेल प्रशासन ने जून 2024 तक बढ़ा रखी है। वहीं, विगत 21 अप्रैल से मुम्बई के लिए ही एक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन आरम्भ हुआ है, जो प्रत्येक रविवार को 29 जुलाई तक रीवा से चलती रहेगी अब एक और समर स्पेशल ट्रेन चलने लगी है। रेल प्रशासन द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार यह बांद्रा-रीवा समर स्पेशल ट्रेन 2 मई से 28 जून तक पटरी पर दौड़ेगी। इस अवधि में रीवा से मुम्बई के बीच यह ट्रेन 9-9 फेरे लगायेगी। प्रत्येक शुक्रवार 11 बजे रवानगी समय तय बताया गया कि पूर्व में तय कार्यक्रम के अनुसार यह समर स्पेशल ट्रेन बांद्रा स्टेशन से प्रत्येक गुरुवार को सुबह साढ़े 4 बजे रवाना होगी, जो अगले दिन सुबह 7 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह समर स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार सुबह 11 बजे रीवा स्टेशन से चलेगी और अगले दिन दोपहर सवा 12 बजे बांदा टर्मिनस मुम्बई पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09129- 30 के साथ यह ट्रेन चलेगी। रीवा स्टेशन से चलने के उपरांत ट्रेन का ठहराव सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खण्डया, भुसावल, वापी आदि स्टेशन में होगा। बांद्रा टर्मिनस से चलकर भी ट्रेन इसी रास्ते वापस आयेगी।

## मतांकन के लिए गोपनीय चरित्रावली समय पर प्रस्तुत करें: कलेक्टर

रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी अधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार तय की गई समय सीमा में मतांकन के लिए गोपनीय चरित्रावली प्रस्तुत करें। वर्ष 2023-24 के लिए सभी शासकीय अधिकारी विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में 30 जून तक स्वमूल्यांकन करके प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दें। गोपनीय चरित्रावली में प्रतिवेदक अधिकारी 30 अगस्त तक अपना अभिमत दर्ज करे। समीक्षक अधिकारी 30 सितम्बर तक मतांकन करके गोपनीय चरित्रावली स्वीकृतकर्ता अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दे। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली में 30 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से मतांकन किया जाना चाहिए। गोपनीय चरित्रावली निर्धारित प्रपत्र में ही प्रस्तुत करें। तय समय सीमा में गोपनीय प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी जिसे गोपनीय प्रतिवेदन में भी दर्ज किया जाएगा। गोपनीय प्रतिवेदन में नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा वार्षिक चरित्रावली दर्ज करने के बाद उसकी प्रमाणित छायाप्रति शासकीय सेवक को दी जाएगी। यदि प्रतिवेदित अधिकारी के मतांकन से संबंधित अधिकारी सहमत नहीं है तो वह उपयुक्त तथ्यों के साथ गोपनीय चरित्रावली में श्रेणी उन्नयन के संबंध में अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है।

## जिला प्रशासन कर रहा खदान में बड़े हादसे का इंतजार

मऊगंज

जिले के ग्राम हर्रहा में अवैध रूप से दर्जनों संचालित खदानें एवं केसर से प्रदूषण प्रभावित हो रहा है। वहीं स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है। क्रेसर एवं खदान संचालन के पहले क्षेत्र में निवास कर रहे निवासियों के लिए पुरानी सड़क बनाई गई थी। किंतु अवैध एवं नियम के विपरित संचालित खदानों के माफिया ने महज 10 फीट की सड़क चलने के लिए छोड़ी है सड़क के दोनों तरफ हजारों फीट की गहरी खाई बना दी गई जबकि सड़क से कम से कम 250 मीटर दूरी पर खदान संचालित करने के लिए नियमावली है।

इन माफिया द्वारा महज 10 मीटर पर ही खदान खोद दी गई है।आए दिन जानवरों की दुर्घटनाएं होती रहती हैं।अवैध रूप से संचालित खदान से जहां स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा वहीं तमाम शिकायतों के बावजूद खनिज विभाग की भ्रष्ट व्यवस्था से इन अवैध रूप से संचालित खदान माफियाओं से पूरा क्षेत्र प्रदूषण एवं दुर्घटना का क्षेत्र बना हुआ है।हाल ही में महामृत्युंजय इंटरप्राइजेज कंपनी द्वारा भूमि नंबर 8/3/2,8/5/2 पर नियम विरुद्ध हजारों फीट गहरी खाई खोदी गई। जिसके कारण आवागमन पूरी तरह प्रभावित है और प्रदूषण को भी नुकसान किया जा रहा।

कुछ दिन पहले कई जानवरों की गिरकर मौत हुई थी सीतापुर पिपराही मार्ग पूरी तरह बंद होने की स्थिति में है।खदान के चारों तरफ ना कोई बैरिकेड है और ना



कोई दुर्घटना रोकने के सांकेतिक चिन्ह महामृत्युंजय इंटरप्राइजेज द्वारा नियम विरुद्ध सड़क के दोनों तरफ हजारों फिट गहरी खाई खोदी गई है।इस संबंध में सरपंच एवं ग्राम पंचायत निवासियों द्वारा जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग को लिखित सूचना दी जा चुकी है किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कई बार खनिज विभाग एवं कलेक्टर मऊगंज को ग्रामीणों के साथ-साथ ग्राम पंचायत हर्रहा के सरपंच द्वारा प्रदूषण एवं दुर्घटनाएं रोकने के लिए आवेदन दिए गए आवेदन में बताया गया की नियम विरुद्ध खदानों के संचालन से कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है सड़क का अस्तित्व खतरे में है। आम राहगीरों के लिए आवागमन प्रभावित है।खनिज माफियाओं द्वारा खनिज विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से कोई कार्रवाई नहीं की जाती रीवा जिले में बैठे खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इन माफियाओं के साथ अपनी साझेदारी सुनिश्चित कर लेते हैं किंतु वह दिन दूर नहीं जब नियम विरुद्ध हजारों फीट गहरी खाई में कोई बड़ी घटना हो सकती है।

सीमा से लगे हुए उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में यहां से खनिज की सप्लाई की जाती है। बताया गया है कि यहां से गिट्टी की सप्लाई मिर्जापुर बनारस प्रयागराज एवं कौशांबी तक की जाती है। इतना ही नहीं कई बार चोरी छुपे खनिज का परिवहन भी किया जाता है जिसके कारण राजस्व का नुकसान भी प्रदेश सरकार को उठाना पड़ता है। जी की शिकायत स्थानी लोगों द्वारा कई बार प्रशासन से की जा चुकी है। जिसका नतीजा यह रहा कि संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने का निर्देश जिला प्रशासन ने दिया था। अन्य मामलों की तरह इस मामले में भी कोई खास पहल नहीं हो सकी।

### इनका कहना है

शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर राजस्व एवं खनिज की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। मामला एक बार फिर संज्ञान में आया है। जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

**अजय श्रीवास्तव**
**कलेक्टर मऊगंज**

*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833*